* वर्ष 40 * अंक 74 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शुक्रवार दिनांक 13 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक




## सबसे कम उम्र में खिताब जीता
## चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराया



**सिंगापुर (एजेंसी)।** 18 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सिंगापुर में गुरुवार को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल हराया। ऐसा करने वाले वह दुनिया के सबसे युवा प्लेयर बने। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर टाइटल जीता। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए। स्कोर यहां 6.5-6.5 से बराबर था। गुकेश ने गुरुवार को 14वां गेम जीता और एक पॉइंट की बढ़त लेकर स्कोर 7.5-6.5 कर दिया।

### विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी

गुकेश चेस के वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले भारत के दूसरे ही प्लेयर बने। 2012 में विश्वनाथन आनंद चेस चैंपियन बने थे। गुकेश ने 17 साल की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट भी जीता था। तब वह इस खिताब को जीतने वाले भी सबसे युवा प्लेयर बन गए थे।

**11वां गेम गुकेश ने जीता, 12वें में लिरेन की वापसी :** रविवार तक 11 गेम के बाद गुकेश 6-5 से आगे थे। 11 में से 8 गेम ड्रॉ रहे थे, जबकि 2 में गुकेश और 1 में लिरेन को जीत मिली थी। लिरेन ने फिर वापसी की और 12वां गेम जीत लिया और स्कोर फिर बराबर कर दिया। बुधवार को 13वीं बाजी में 68 चाल के बाद गुकेश को गेम ड्रॉ खेलना पड़ा था। तब स्कोर 6.5-6.5 से बराबरी पर था। गुकेश ने तीसरा, 11वां और 14वां गेम जीता। वहीं लिरेन ने पहला और 12वां गेम जीता। बाकी गेम ड्रॉ रहे।

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' से जुड़े विधेयकों को केबिनेट की मंजूरी!

## 100 दिन में चुनाव, अविश्वास प्रस्ताव पर... पैनल की बड़ी सिफारिशें





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी सरकार की अगुवाई वाली केंद्रीय कैबिनेट ने बृहस्पतिवार को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़े विधेयकों को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बताया कि विधेयकों को मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाले पैनल ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट इसी साल मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी। रिपोर्ट में पहले चरण के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की गई है। उसके बाद दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जाने की वकालत की गई। रिपोर्ट में किसी सरकार के अविश्वास प्रस्ताव के कारण सरकार गिरने जैसी घटना को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं।

सितंबर में सरकार ने आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था। रिपोर्ट के अनुसार, एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर विचार करते समय अन्य देशों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' की संभावना तलाशने के लिए गठित आयोग ने दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन और बेल्जियम समेत सात देशों की चुनाव प्रक्रिया का अध्ययन किया है। ऐसे देश जहां एक साथ चुनाव होते हैं, उनमें जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया और फिलिपीन भी शामिल हैं।

### 100 दिन के भीतर चुनाव

एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए सरकार को कानूनी रूप से टिकाऊ तंत्र विकसित करना चाहिए। पहले चरण में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। दूसरे चरण में, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ इस तरह से समन्वित किया सकता है। नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव, संसदीय और विधानसभा चुनाव 100 दिनों के भीतर होने चाहिए।

राष्ट्रपति आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक की तारीख को नियत तिथि के रूप में अधिसूचित करेंगे, ताकि निरंतर समन्यवय स्थापित हो सके। नियत तिथि के बाद नवगठित राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल के हिसाब से छोटे किए जाएं। एक बार के अस्थायी उपाय के बाद, सभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव भविष्य में एक साथ हो सकेंगे।

### अविश्वास प्रस्ताव पर क्या विकल्प

त्रिशंकु सदन या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी घटना की स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। ऐसी स्थिति में लोकसभा चुनाव के बाद नवगठित सरकार पिछली सरकार के कार्यकाल को पूरा करेगी। वहीं, राज्य विधानसभा अपना पूरा कार्यकाल जारी रखेगी, जब तक सरकार भंग नहीं हो जाती।

राज्य चुनाव आयोगों के परामर्श से चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा एक एकल मतदाता सूची और मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) तैयार किया जाएगा और यह चुनाव आयोग द्वारा तैयार की गई किसी भी अन्य मतदाता सूची का स्थान लेगा। एक साथ चुनाव कराने के लिए साजो-सामान की व्यवस्था करने के लिए, चुनाव आयोग ईवीएम और वीवीपैट जैसे उपकरणों की खरीद, मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों की तैनाती और अन्य आवश्यक व्यवस्था करने के लिए पहले से एक योजना और अनुमान तैयार करेगा।

## दिल्ली चुनाव : कांग्रेस की पहली लिस्ट में 21 नाम

### केजरीवाल के खिलाफ लड़ेंगे संदीप दीक्षित, देवेंद्र यादव को बादली सीट से टिकट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को 21 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। नई दिल्ली सीट से क्क के मुखिया अरविंद केजरीवाल के खिलाफ संदीप दीक्षित को टिकट दिया गया है। हालांकि क्क ने अब तक केजरीवाल के नाम की घोषणा नहीं की है।

प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव को बादली से, पूर्व मंत्री हारून यूसुफ को बल्लीमारान और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार को पटपड़गंज से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद यह लिस्ट जारी की गई। इसमें पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, अंबिका सोनी, सलमान खुर्शीद, टीएस सिंह देव और मधुसूदन मिस्त्री मौजूद थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली में फरवरी के पहले या दूसरे हफ्ते में चुनाव हो सकते हैं। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी, 2025 को खत्म हो रहा है। 2020 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 और 2015 में 67 सीटें जीती थीं।

**नई दिल्ली सीट से केजरीवाल 3 बार चुनाव लड़े, तीनों बार जीते :** केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से 2013 में उस समय की मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार शीला दीक्षित को 25,864 हराया था। भाजपा के विजेंदर कुमार तीसरे नंबर पर रहे थे। जबकि 2015 में भाजपा की नूपुर शर्मा दूसरे नंबर पर थीं। तीसरे नंबर पर रहीं कांग्रेस की किरन वालिया को सिर्फ 4781 वोट मिले थे। 2020 में भाजपा के सुनील कुमार को 21,697 वोट से हराया था। कांग्रेस के रोमेश सभरवाल तीसरे नंबर पर रहे थे।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर



**बस्तर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ में गुरूवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में अब तक 7 नक्सली मारे गये हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस को 7 नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी स्तर के बड़े नक्सली के मारे जाने की सूचना मिली है। गुरूवार तड़के तीन बजे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रूक-रूक कर गोलीबारी हो रही है। पुलिस के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान में मंगलवार को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) तथा सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रभात कुमार ने कहा है कि क्षेत्र में अभी भी तलाश अभियान जारी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बहादुर जवानों के अदम्य साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- मंदिर-मस्जिद विवादों पर आदेश न सुनाएं अदालतें, मस्जिद-दरगाहों के सर्वे का आदेश भी न दें

## केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब तलब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में मंदिर-मस्जिद विवादों पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अदालतें ऐसे मामलों में कोई ऑर्डर ना दें और न ही सर्वे के आदेश जारी करें।

सुप्रीम कोर्ट की 3 मेंबर वाली बेंच प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की कुछ धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। एक्ट के खिलाफ सीपीआई-एम इंडियन मुस्लिम लीग, एनसीपी शरद पवार, राजद एमपी मनोज कुमार झा समेत 6 पार्टियों ने याचिका लगाई है।

बेंच ने कहा, हम इस कानून के दायरे, उसकी शक्तियों और ढांचे को जांच रहे हैं। ऐसे में यही उचित होगा कि बाकी सभी अदालतें अपने हाथ रोक लें।

सुनवाई के दौरान सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- हमारे सामने 2 मामले हैं, मथुरा की शाही ईदगाह और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद। तभी अदालत को बताया गया कि देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं। इनमें से 10 मस्जिदों से जुड़े हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से याचिकाओं पर 4 हफ्ते में अपना पक्ष रखने को कहा। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- जब तक केंद्र जवाब नहीं दाखिल करता है हम सुनवाई नहीं कर सकते। हमारे अगले आदेश तक ऐसा कोई नया केस दाखिल ना किया जाए।

### याचिका के पक्ष-विपक्ष में तर्क

**हिंदू पक्ष :** भाजपा नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय, सुब्रमण्यम स्वामी, कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, काशी की राजकुमारी कृष्ण प्रिया, धर्मगुरु स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती, रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर अनिल कबोत्रा, एडवोकेट चंद्रशेखर, रुद्र विक्रम सिंह, वाराणसी इनके अलावा कुछ अन्य ने याचिका लगाई है। इन लोगों ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट-1991 को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की है।

**मुस्लिम पक्ष :** जमीयत उलमा-ए-हिंद, इंडियन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी, आरजेडी सांसद मनोज झा ने भी इस मामले में याचिका दायर की है। जमीयत का तर्क है कि एक्ट के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करने से पूरे देश में मस्जिदों के खिलाफ मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और ओवैसी ने फैसले का स्वागत किया

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (ढ्ढस्क्क्क) ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का स्वागत किया। प्रवक्ता डॉ. एसक्यूआर इलियास ने कहा- यह अंतरिम आदेश देश भर में मस्जिदों और धर्मस्थलों को निशाना बनाने वाली दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को रोकेगा। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- संभल में क्या हुआ- एक दिन में केस दायर किया गया। डेढ़ घंटे के भीतर आदेश दिया गया, हिंसा भी हुई और 5 निर्दोष मुसलमान पुलिस फायरिंग में मारे गए। आज सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुनवाई पूरी होने तक कोई और सर्वे नहीं होगा, तो ये सही है। ये अच्छा फैसला है।

### यूपी, एमपी, राजस्थान समेत कई राज्यों में मंदिर-मस्जिद मामले

सुप्रीम कोर्ट के वकील हरिशंकर जैन ने 19 नवंबर को उत्तर प्रदेश के संभल जिले के सिविल कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें दावा किया कि संभल की जामा मस्जिद ही हरिहर मंदिर था। उसी दिन याचिका स्वीकार हो गई। अगले दिन कोर्ट ने जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश दे दिया। 5 दिन बाद यानी 24 नवंबर को टीम सर्वे के लिए फिर जामा मस्जिद पहुंची। वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। पथराव और गोलीबारी के बीच 5 लोगों की मौत हो गई। इसके 2 दिन बाद हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने राजस्थान की अजमेर शरीफ दरगाह के संकटमोचन महादेव मंदिर होने का दावा कर दिया। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली। देशभर के अलग-अलग हिस्सों में ये सिलसिला जारी है। इस मामलों से पहले वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह और मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला में मस्जिद को लेकर मुकदमे दायर किए जा चुके हैं। राम मंदिर का फैसला आने के बाद इन मामलों में तेजी आई है।

## सीएम के काफिले में टैक्सी घुसाने वाले ड्राइवर की मौत

### 20 दिन पहले हुआ था बेटा; हादसे में दो लोगों की जान जा चुकी

**जयपुर (पुकार)।** जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा के काफिले में टैक्सी घुसाने वाले ड्राइवर पवन की मौत हो गई। पवन 20 दिन पहले ही दूसरी बार पिता बना था। 11 दिसंबर को हुए एक्सीडेंट में एएसआई सुरेंद्र सिंह की पहले ही जान चली गई थी। हादसे में घायल 4 पुलिसकर्मियों का इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर तीन बजे अक्षयपात्र सर्किल पर हुआ था। घायल टैक्सी ड्राइवर को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान ड्राइवर ने दम तोड़ दिया।

**पवन के 20 दिन पहले हुआ था बेटा :** मृतक पवन के जीजा राजू ने बताया- पवन करौली का रहने वाला था। जगतपुरा सात नंबर बस स्टैंड के पास किराए पर रहता था। साथ में पत्नी और दो बच्चे भी रहते थे। एक बच्चा ढाई साल का है। दूसरा बच्चा 20 दिन का। डेढ़ साल पहले ही विदेश से नौकरी छोड़कर जयपुर आया था। विदेश में करीब डेढ़ साल नौकरी की थी।

## युवाओं के साथ दौड़े सीएम भजनलाल : बोले- ओलिंपिक के लिए टॉप-50 खिलाड़ियों को तैयार करेंगे; दुनिया के बेहतरीन कोच देंगे ट्रेनिंग



**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार प्रदेश में नई युवा और खेल नीति लाने की तैयारी कर रही है। साथ ही प्रदेश के टॉप 50 खिलाड़ियों को ओलिंपिक के लिए तैयार करने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। इसमें दुनिया के बेहतरीन कोच प्रदेश के खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर के अमर जवान ज्योति पर आयोजित रन का विकसित राजस्थान रैली के दौरान यह घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खेल मंत्री और युवाओं के साथ दौड़ भी लगाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया- राजस्थान में युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो। इसको लेकर राइजिंग राजस्थान में खेल विभाग ने 15 हजार करोड़ रुपए के एमओयू किए हैं। इससे आने वाले समय में प्रदेश के युवाओं के साथ खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा- हम खेलो इंडिया राष्ट्रीय यूथ गेम्स 2026 के आयोजन को राजस्थान में कराने की तैयारी कर रहे हैं। इससे न सिर्फ खिलाड़ियों और खेल का विकास होगा। बल्कि, प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप होगा।

### 50 खिलाड़ियों को ओलिंपिक के लिए तैयार करेगी सरकार

भजनलाल शर्मा ने कहा- अब हमारी सरकार प्रदेश के टॉप-50 खिलाड़ियों को ओलिंपिक के लिए तैयार करेगी। इसमें दुनिया के बेहतरीन कोच प्रदेश के खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देंगे। उनके लिए बेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा, ताकि वह ओलिंपिक में बेहतर प्रदर्शन कर राजस्थान और देश का नाम दुनिया में रोशन कर सके। इसके साथ ही जयपुर में एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। ताकि प्रदेशभर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को और निखारने का मौका मिल सके।

## इसरो की बड़ी छलांग : खास इंजन का किया सफल परीक्षण, गगनयान में आएगा काम

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।



अपने बेहतर रॉकेट्स के लिए मशहूर इसरो ने सफलता पूर्वक सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का परीक्षण किया। इसरो का यह सफल परीक्षण अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। इसरो की तरफ से गुरुवार को कहा गया कि एक महत्वपूर्ण समुद्री स्तर परीक्षण में हमने सफलता पाई है। इसमें हमने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन के रीस्टार्ट की क्षमता का परीक्षण किया है। यह हमारे रॉकेट्स के प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी और देश के आगामी मिशन्स को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार यह परीक्षण 29 नवंबर को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स से किया गया। इस परीक्षण ने इंजन की रिस्टार्ट करने की क्षमताओं का बेहतर ढंग से प्रदर्शन किया। यह परीक्षण इसरो के मानवयुक्त मिशन भेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बोरवेल में गिरे मासूम की फ्रैक्चर से नहीं, डूबने से मौत

### डॉक्टर बोले-सांस की नली में भरा था पानी; निकालने के 36 घंटे पहले ही दम तोड़ा



**दौसा (एजेंसी)।** दौसा में बोरवेल में गिरे 5 साल के आर्यन की मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। बच्चे की मौत बोरवेल में गिरते समय चोट लगने से नहीं, उसमें पानी का एकाएक लेवल बढ़ने से हुई। मासूम की सांस नली में पानी भरा हुआ था। शरीर में कोई फ्रैक्चर नहीं था।160 फीट गहरे बोरवेल में 147 फीट पर फंसे बच्चे को 57 घंटे बाद बाहर निकाला गया था। जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम के शव का गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम हुआ। हालांकि रिपोर्ट आना अभी बाकी है। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी(पीएमओ) डॉ दीपक शर्मा ने बताया- बच्चे की सांस नली में पानी भर गया था, डूबने से उसकी मौत हो गई। 9 दिसंबर को जब बच्चा बोरवेल में गिरा था। तब पानी उससे करीब 6 फीट नीचे था। इस बीच 10 दिसंबर की अलसुबह इलाके में मोटर से पानी की सप्लाई बंद हुई, जिससे बोरवेल में पानी का लेवल बढ़ा और मासूम उसमें डूब गया। इसके बाद मोटर फिर से चालू हुई तो भूजल स्तर फिर से तेजी से गिरा। ऐसे में गिरने के 20 से 21 घंटे बाद ही आर्यन की मौत हो गई थी। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट योगेश कुमार ने बताया- 10 दिसंबर को तड़के 3 बजे बोरवेल में फंसे बच्चे के शरीर में अंतिम बार हलचल देखी गई थी। जबकि 10 दिसंबर को सुबह 9 बजे बोरवेल में कैमरा डालने के दौरान बच्चे की बॉडी में मूवमेंट नहीं देखा गया था।

## मेरी मौत हुई तो आप जिम्मेदार; किसान नेता डल्लेवाल ने पीएम मोदी को लिखा खत, खून से किए साइन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसानों की मांगें पूरी करवाने के लिए खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अनशन के 17वें दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। डल्लेवाल ने इसमें लिखा कि या तो साल 2011 में किया वादा पूरा करें या फिर मेरी कुर्बानी लेने के लिए तैयार रहें। अगर मेरी मौत हुई तो इसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। चिट्ठी में उन्होंने अपने खून से हस्ताक्षर किए हैं। डल्लेवाल ने चिट्ठी में लिखा कि अब आप के पास 2 विकल्प हैं, या तो आप अपने 2011 में किये वायदे को पूरा करते हुए देश के किसानों के लिए एमएसपी गारंटी कानून बना दीजिए या फिर आप मेरे आमरण अनशन के माध्यम से मेरी कुर्बानी लेने के लिए तैयार रहें। माननीय नरेंद्र मोदी, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यदि मेरी मृत्यु होती है तो उसकी जिम्मेदारी आप की होगी, क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा किसानों से बार-बार की जा रही वायदाखिलाफी से आहत होकर मैंने अपना आमरण अनशन शुरू किया है, जिसे आज 17 दिन हो चुके हैं। मैं ये भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि यदि शम्भू, खनौरी या रत्नपुरा मोर्चों पर पुलिस की हिंसात्मक कारवाई में कोई जानमाल का नुकसान हुआ तो उसकी जिम्मेदारी भी आपकी होगी। प्रधानमंत्री जी, ये मेरा आपके नाम पहला और आखिरी पत्र है, अब तय आप को करना है कि आप एमएसपी गारंटी कानून बनाएंगे या फिर देश का पेट भरने वाले मेरे जैसे एक साधारण किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल की बलि लेंगे।

**डल्लेवाल की हालत बेहद गंभीर, किडनी-लीवर फेल होने का डर :** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन वीरवार को 17वें दिन भी जारी रहा। उनकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि अब डल्लेवाल के किडनी, लिवर बहुत कमजोर हो चुके हैं। किसी भी समय किडनी और लिवर फेल हो सकता है। हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता जा रहा है। डल्लेवाल कैंसर के मरीज भी हैं और दवाएं भी खाना बंद कर दी हैं। उनका साढ़े बारह किलो से अधिक वजन कम हो गया है। डाक्टरों की टीम के साथ किसानों ने पहले झड़प की लेकिन कुछ एक सीनियर किसानों के बीच बचाव के बाद डाक्टरों की टीम को डल्लेवाल का मैडीकल चैकअप करने की अनुमति दे दी गई। डाक्टरों की टीम ने जांच के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीडी-11 एवं आई.सी.एफ. कार्यक्रम का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस उमरड़ा एवं सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ हेल्थ इंटेलिजेंस जयपुर के तत्वावधान में आईसीडी वर्कशॉप का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इसमें राजस्थान में रोगों के अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण आईसीडी-10 और कामकाज, दिव्यांग और स्वास्थ्य के अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण (आईसीएफ) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की गई। चर्चा में बताया गया कि रोगों के अंतर्राष्ट्रीय आईसीडी-11 से विश्व भर में समान रुप से कोड होंगे। ये चिकित्सा पद्धतियों का सहारा लेने वाले रोगियों की समस्याओं को कम करेगा। प्रत्येक डाक्टर रोग का नाम और इलाज अपने तरीके से लिखते हैं। इससे कभी-कभी अन्य डाक्टरों के लिए समझना बहुत कठिन हो जाता है इसलिए एक समान कोडिंग के रूप में आईसीडी-11 का प्रयोग किया जाना चाहिये। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के सीनियर रीजनल डायरेक्टर डॉ. कौशल गुप्ता ने कहा कि आईसीडी-10 कोडिग से साक्ष्य आधारित बीमारियों के डेटा संग्रहण व विश्लेषण प्रदान किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि आईसीडी को लेकर समय-समय पर संशोधन किया जाता है और वर्तमान में आईसीडी-11 चल रहा है। कार्यक्रम में डाक्टरों, पी.जी. छात्र, नर्सिंग स्टाफ, पेरामेडिकल स्टाफ एवं समस्त स्टाफ को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। एमडी मेडिसन गेस्ट फैकल्टी डॉ. टीडी खत्री, केन्द्रीय स्वास्थ्य सेंट्रल ब्यूरो ऑफ हेल्थ इंटेलिजेंस ने आईसीडी-10, आईसीडी-11 आई.सी.एफ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के मैनेजिंग डायरेक्टर नमन अग्रवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश गोयल ने आईसीडी-11 की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. सरिता कांत भी उपस्थित रहीं। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. कमलेश शेखावत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप कुमार पारीक, अकेडमिक डायरेक्टर, एवं सुश्री कोमल दर्शोरा ने किया। सीबीएचआई के अधिकारी रोशन मीणा ने धन्यवाद दिया।

### अनुष्का विधि महाविद्यालय में आयोजित हुई स्वास्थ्य परिचर्चा



**उदयपुर (पुकार)।** मदनमोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ महेश दीक्षित ने अनुष्का विधि महाविद्यालय में संकल्प स्वास्थ्य का आधार आयुर्वेद का विषय पर अपना उद्बोधन दिया एवं स्वस्थ रहने के लिए प्रकृति अनुसार आहार-विहार करने का परामर्श दिया , स्वास्थ्य वार्ता में विधि महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्नातकोत्तर शरीर क्रिया विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ किशोरी लाल शर्मा ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रकृति परीक्षण अभियान की जानकारी दी। मीडिया प्रभारी डॉ विष्णु मित्तल ने बताया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अभियान देश का प्रकृति परीक्षण में महाविद्यालय की शरीर क्रिया विभाग की टीम ने अनुष्का महाविद्यालय में जाकर 100 लोगो का प्रकृति परीक्षण किया । प्रकृति परीक्षण कराने के बाद हमारे शरीर की कौनसी प्रकृति है एवं उसके अनुसार स्वस्थ रहने के लिए खान पान की आदतें किस प्रकार की होनी चाहिए इसकी जानकारी मिलती है। विधि महाविद्यालय के चैयरमेन डॉ एस एस सुराणा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया एवं अपना प्रकृति परीक्षण कराया । निदेशक राजीव सुराणा ने आयुष मंत्रालय का यह जनोपयोगी अभियान को स्वास्थ्य संरक्षण संवर्धन दृष्टिकोण से एक सराहनीय कदम बताया एवं आयुर्वेद महाविद्यालय एवं टीम का आभार व्यक्त किया। प्रकृति परीक्षण टीम में प्रोफेसर रवि शर्मा एवं डॉ ज्योति दीक्षित एवं शरीर क्रिया विभाग के स्नातकोत्तर अध्येता उपस्थित रहे।

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 15 को उदयपुर आएंगे

**उदयपुर (पुकार)।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े उदयपुर संभाग के दो दिवसीय प्रवास पर 15 दिसम्बर को उदयपुर आएंगे।

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि माननीय राज्यपाल 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे राजकीय विमान से डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग से नाथद्वारा प्रस्थान करेंगे। श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन-पूजा के उपरांत राजसमंद में विविध आयोजनों में भाग लेकर शाम 5.15 बजे उदयपुर सर्किट हाउस आएंगे। उनका रात्रि विश्राम उदयपुर में रहेगा। अगले दिन 16 दिसम्बर को माननीय राज्यपाल सुबह 8.30 बजे सांवरिया सेठ मंदिर चित्तौडगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से शाम 5.15 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा उदयपुर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला कलक्टर ने माननीय राज्यपाल महादेय की यात्रा के मद्देनजर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### विदाई समारोह आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग में एमएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग एवं जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ राकेश व्यास वाइस चांसलर गीतांजलि यूनिवर्सिटी, श्री भूपेंद्र जैन ज्वाइंट रजिस्ट्रार गीतांजलि यूनिवर्सिटी , डीन डॉ विजया अजमेरा ,प्रिंसिपल प्रो. डॉ योगेश्वर पूरी गोस्वामी, प्रिंसिपल प्रो. दिनेश कुमार शर्मा, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर प्रो कमलेश जोशी, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। डॉ राकेश व्यास वाइस चांसलर गीतांजलि यूनिवर्सिटी ने बताया कि एक नर्स का रोल मेडिकल विभाग में बहुत महत्वपूर्ण होता है, डीन डॉ विजया अजमेरा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उनके भविष्य की मंगल कामना की। प्रिंसिपल प्रो. डॉ योगेश्वर पूरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को गाइडेंस दी एवं बताया कि वह आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रखे एवं प्रिंसिपल प्रो. दिनेश कुमार शर्मा ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन दिया कि आगे भविष्य में उनके पास बहुत से अवसर हैं। विदाई लेने वाले विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में बिताए सुखद अनुभव को व्यक्त किया और इसके साथ ही जूनियर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम कर विभिन्न प्रस्तुतियां दी। अंत में युवराज सिंह बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर पूर्बिया कॉलोनी में 15 को

**उदयपुर (पुकार)।** श्री पूर्बिया कलाल समाज उदयपुर एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भीलो के बेदला उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर पूर्बिया कॉलोनी सज्जन नगर, उदयपुर में 15 दिसंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा। नरेश पूर्बिया ने बताया कि चिकित्सा शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पूर्बिया कॉलोनी के शिव मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी सहित अन्य जांचें, परामर्श व दवाइयां दि जाएगी। शिविर में फिजिशियन डॉ हार्दिक नायक, नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ रितिक, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ ईश्वर, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ भारती, शल्य चिकित्सक डॉ आरिफ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मौथ, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ यश , टीबी एण्ड चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ श्रुति सेवाएं देंगी। चिकित्सा शिविर की व्यवस्था एवं प्रचार प्रसार में अध्यक्ष दिनेश पूर्बिया,भरत पूर्बिया,सूर्य प्रकाश पूर्बिया, भंवर लाल पूर्बिया, भेरू लाल पूर्बिया, यशवंत पूर्बिया, लोकेश पूर्बिया,पन्ना लाल पूर्बिया, दिलीप पूर्बिया ,रेवंत पूर्बिया, ईश्वर पूर्बिया ,बृजमोहन पूर्बिया, नितेश चौधरी व रमेश पूर्बिया सहित कई नवयुवक लगें हुए हैं।

# लायन्स की सेवा भावना सभी को कर रही लाभान्वितः फ्रेबिशियो ऑलीवीरा

### लायन्स क्लब अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया लायन्स डायलिसिस सेन्टर का उद्घाटन





**उदयपुर (पुकार)।** विश्व के सबसे बड़े सेवाभावी संगठन लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के अध्यक्ष ब्राजील के फ्रेब्रिशियो ऑलीवीरा व उनकी पत्नी एमरीलैस ऑलीवीरा दो दिवसीय यात्रा पर उदयपुर पंहुचे। जहां उन्होंने लायन्स क्लब द्वारा हिरणमगरी से. 4 स्थित लायन्स भवन में स्थापित राज्य का पहले लायन्स डायलिसिस सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस प्रोजेक्ट पर 80 लाख रूपयें की लागत आयी है।

उद्घाटन पश्चात सौ फीट सोभागपुरा रोड़ स्थित होटल रमाडा एनकोर में आयोजित सम्मान समारोह अभिनन्दन में बोलते हुए फ्रेबिशियों ऑलीवीरा ने कहा कि पिछले 109 वर्षो से जनता की सेवा रह रहे सेवा भावी संगठन लायन्स की सेवा भावना से हर पीड़ित एवं जरूरतमंद लाभान्वित हो रहा है। और इसी श्रृंखला में आज यह इस डायलिसिस सेन्टर का उद्घाटन हुआ, जहां हर जरूरतमंद को निःशुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लायन्स ने अपनी 109 वर्षो की सेवा यात्रा में स्थायी सेवा के अनेक मील के पत्थर स्थापित किये। जिसे विश्व में करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे है।

इस अवसर पर उनकी पत्नी एमरीलैस ऑलीवीरा ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध झीलों की नगरी में आने का अवसर लायन्स के सेवा कार्य ने दिया। इस सुन्दर शहर में सेवा कार्य का मौका मिलना बहुत बड़ी बात है और इसमें लायन्स क्लब बहुत आगे है।

लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के पूर्व निदेशक लायन डॉ वी.के.लाडिया ने बताया कि लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय फाउण्डेशन , पेसिफिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल एवं शहर के करीब 25 दानदाताओं के सहयोग से स्थापित इस डायलिसिस सेन्टर में 6 मोर्डन डायलिसिस मशीनें लगायी गई है। इस सेन्टर में असहाय,निर्धन एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर बीपीएल किडनी रोगियों का निःशुल्क डायलिसिस किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इस सेन्टर का प्रबन्धन भीलों का बेदला स्थित पेसिफक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल द्वारा किया जायेगा। यहां पर पीएमसीएच के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष सोनी व उनकी टीम द्वारा किडनी रोगियों का डायलिसिस किया जायेगा।

इन्हें मिला अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष से मेडल एवं सर्टिफिकेट- अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फ्रेबिशिया ऑलीवीरा ने लायन अरविन्द शर्मा,बी डी माहेश्वरी,डॉ. आलोक व्यास को प्रसिडेन्शियल मेडल से,सुधीर सोगानी,जी.के.सोमानी,श्रीमती नैनावटी,प्रेम कुमार गोयल हेमराज, आर.एल.कुणावत, राधेश्याम सोनी को लीडरशिप मेडल से एवं रमेश शाह, बी.एल.लोढ़ा,के.वी.रमेश, डॉ. आशुतोश सोनी,हरीश आचार्य, अभिषेक शर्मा सहित अनेक लायन सदस्यों एवं हाल ही में बनें 23 एमजेएफ लायन सदस्यों को सर्टिफिकेट एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

हाल ही में प्रान्त में दो नये बनें लायन्स क्लब डीडवाना एवं लायन्स क्लब भीलवाड़ा सिटी को अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चार्टर प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. आशुतोष सोनी एवं प्रेम कुमार गोयल को शपथ दिलाकर लायन्स क्लब की सदस्यता ग्रहण करायी। प्रारम्भ में वी.के.लाडिया,प्रमोद कुमार चौधरी,प्रान्तपाल श्यामसुन्दर मंत्री,अरविन्द शर्मा एवं रामकिशोर ने फ्रेबिशियों ऑलीवीरा को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। श्रीमती पूनम लाडिया ने वन्दे मारतम् गीत की प्रस्तुति दी। अंत में प्रान्तपाल मनोनीत निशान्त जैन ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक व्यास एवं अरविन्द शर्मा ने किया।

#### चाइल्ड हुड कैंसर प्रोग्राम के जरिये बच्चों को कैंसर से सुरक्षित करेगा लायन्स क्लबःफेबिशियो

**उदयपुर (पुकार)।** लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के अन्तर्राष्ट्रीय फेब्रिशियो ऑलीवीरा ने कहा कि लायन्स क्लब अगले दो वर्षो के दौरान वैश्विक स्तर पर सेवा के आठ नये कार्यक्रमों पर कार्य करेगा। जिसमें से एक चाइल्ड हुड कैंसर प्रोग्राम भी है। इस कार्यक्रम के जरिये बच्चों को कैंसर सुरक्षित किया जायेगा। भारत में मध्यप्रदेश के ग्वालियर एवं भोपाल में कैंसर सेंटर खोले जायेंगे जिनकी स्वीकृति मिल चुकी है। वे गुरुवार को होटल शिवनिवास पैलेस में प्रान्तपाल, पूर्व प्रान्तपाल एवं रिजन चेयरमैन की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गत वर्ष लायन्स क्लब को 2500 करोड़ रूपयें का वैश्विक स्तर पर दान मिला था। जिनके जरिये सेवा कार्य किये जा रहे है। लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय के पूर्व निदेशक वी.के.लाडिया के आग्रह पर राजस्थान में भी चाइल्ड हुड कैंसर सेन्टर खोला जायेगा ताकि बच्चों को कैंसर से सुरक्षित किया जा सकें। एक सेन्टर पर करीब सवा करोड़ रूपयें का खर्च आता है।

फेब्रिशियो ने कहा कि लायंस क्लब ने वैश्किक स्तर पर क्रेस्ट नाम शैक्षिक कार्यक्रम भी चला रखा है जिसके जरिये बच्चों में संस्कार निर्माण किया जा रहा है। लायंस क्लब ने निर्णय लिया है कि अगले दो वर्षो मे वैश्विक सतर पर 100 करोड़ लोगों तक विभिन्न प्रकार की सहायता पंहुचानें का प्रयास किया जायेगा जिसके लिये हर लायन्स प्रान्त में नये क्लबों का गठन किया जोयगा। उन्होंने कहा कि अगले 3 वर्षो में लायन्स क्लब सदस्यों की संख्या 14 लाख से बढ़ाकर 15 लाख की जायेगी ताकि सेवा के माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक पंहुचा जा सकें। लायन्स क्लबों से महिलाओं को भी जोड़नें का प्रयास किया जायेगा जिससे लायन्स में उनकी भागीदारी को 27 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जा सकें। उन्होंने कहा कि भारत व ब्राजील की मेहमान नवाजी एक समान है।

पूर्व लायन्स क्लब अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वी.के.लाडिया ने कहा कि अगले वर्ष उदयपुर मे लायन्स क्लब फाउण्डेशन के सहयोग से एक नेत्र चिकित्सालय खोलनें के लिये ग्रान्ट स्वीकृत करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि लायन्स क्लब प्रान्त 3233ई-2 में नये 10 लायन्स क्लब खोले जायेंगे। इनके माध्यम से करीब 300 लोगों को लायन्स क्लब से जोड़ा जायेगा। इस अवसर पर प्रान्तपाल श्यामसुन्दर मंत्री भी मौजूद थे।

# भारत ने हमेशा शस्त्र और शास्त्र, दोनों को अपने जीवन का आधार बनाया




**उदयपुर (पुकार)।** बीएन यूनिवर्सिटी के महाराणा कुंभा सभागार में 'बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रम का भारत पर प्रभाव और संभावित भूमिका' विषय पर राष्ट्र मंथन की संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित विचारकों, विश्लेषकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासनश्री मुनिश्री सुरेश कुमार जी के सहवर्ती मुनिश्री संबोध कुमार जी 'मेधांश' ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने हमेशा शस्त्र और शास्त्र, दोनों को अपने जीवन का आधार बनाया है। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई हिंसा का सहारा लेता है तो उसे शस्त्र के माध्यम से ही जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश जैसी स्थिति भारत में उत्पन्न ना हो इसके लिए समस्त नागरिकों को सदैव सजग, सतर्क एवं संगठित रहना चाहिए। उन्होंने सामाजिक चेतना जगाने पर बल देते हुए कहा कि हमें बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचारों का विरोध भारतीयता के भाव से करना चाहिए, न कि किसी जातिगत या धार्मिक सीमाओं में बंधकर।

राज. विद्यापीठ के कुलपति डॉ. कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनशक्ति को साथ लाना अनिवार्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरा भारत बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ खड़ा है और यह एक राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक होना चाहिए।

इस अवसर पर बोलते हुए रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एनके सिंह ने कहा कि सामरिक दृष्टि से 900 किमी सीमा खुली है जिससे घुसपैठ आसान है, चुनौतियां अधिक हैं पर भारत मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। वैश्विक दबाव, आर्थिक प्रतिबंध, सैन्य कूटनीति अर्थात् साम दाम, दंड भेद से काम लेना होगा।

वक्ता शाहिद परवेज ने सत्य और अहिंसा के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हिंसा किसी भी रूप में और किसी भी धर्म द्वारा की जाए, उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। तेजेंद्र सिंह रोबिन ने बोलते हुए कहा कि हमे व्यापारिक संबंधों में कठोर प्रतिबंध लगाने होंगे। मनीष मेस्सी ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी आवाज़ में इस मुद्दे को रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

राष्ट्र मंथन के संयोजक रमन कुमार सूद ने सुझाव दिया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें भारत में शरण देने के बजाय इजरायल, ईस्ट तिमोर, बोस्निया, हर्जेगोविना, क्रोशिया, बोस्निया, सर्बिया, स्लोवेनिया के जैसे वहीं एक अलग प्रांत में बसाना ही एक समुचित विकल्प होगा जिसके लिए भारत सरकार को समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इजरायल के जैसे हिंदू समाज को विश्व में कहीं भी अकारण प्रताड़ित करने पर 'घर में घुस के मारेंगे' की नीति को भारत सरकार को अडॉप्ट करना चाहिए तभी विश्व में हिंदू सम्मानपूर्वक एवं सुरक्षित जीवन जी पाएगा।

डॉ. प्रदीप कुमावत ने संगोष्ठी का समापन करते हुए सामरिक, व्यापारिक और दार्शनिक दृष्टि से भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के पीछे अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, विशेषकर अमेरिका की कूटनीतिक नीतियों का प्रभाव है।

### 'नदी प्यासी थी' सींचेगी रंग रसिकों की प्यास, आज होगा 'उदयपुर नाट्य रंग महोत्सव-24' का आग़ाज़

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर संभाग की 'टीम नाट्य संस्था' भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय और कला संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार के अनुमोदन से 3 दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह 'उदयपुर नाट्य रंग महोत्सव-24' का 13, 14, 15 दिसम्बर, 2024 को राजस्थान साहित्य अकादमी सभागार में आरंभ होने जा रहा है।

समारोह का प्रारंभ स्थानीय ऑडिसी नृत्यांगना कलाकार शैली श्रीवास्तव के निर्देशन में विष्णु स्तुति से होगी। नाट्य महोत्सव के प्रथम दिवस पर 13 दिसंबर को प्रयागराज से हरमेन्द्र सरताज के निर्देशन में धर्मवीर भारती द्वारा लिखित नाटक 'नदी प्यासी थी' का मंचन होगा। 14 दिसम्बर को स्थानीय कलाकार अशोक कुमार शर्मा द्वारा संगीत की प्रस्तुति होगी तत्पश्चात श्रीगंगानगर से विजय जोरा के निर्देशन में 'ये आदमी ये चूहे' मंचित होगा

साथ ही 14 और 15 को दिन में रंग संवाद में बीकानेर से वरिष्ठ पत्रकार एवं नाट्य लेखक हरीश बी शर्मा से चर्चा होगी जिसके उपरांत समापन की संध्या को जयपुर से अभिषेक गोस्वामी के निर्देशन में 'किस्से किनारों के' का मंचन होगा।

सह संस्थापक शैलेंद्र शर्मा और रामेश्वर गौड़ ने बताया कि इस समारोह में दर्शकों का प्रवेश निशुल्क रहेगा।

# सांसद मन्नालाल रावत ने बावडियों के संरक्षण का मुद्दा संसद में रखा

### बावडियों को जल जीवन मिशन से जोड़ने की मांग की

### बावडियों को ग्राम तीर्थ के रूप में भी विकसित करने का आग्रह किया

**उदयपुर।** सांसद मन्नालाल रावत ने गुरुवार को संसद में उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में बावडियों के संरक्षण का मुद्दा उठाया और इन्हें जल जीवन मिशन से जोडकर जल स्त्रोत रुप में काम लेने के साथ ही सांस्कृतिक पर्यटन के रुप में भी विकसित करने का आग्रह किया।

सांसद रावत ने नियम 377 के तहत संसद में यह मुद्दा रखा। सांसद रावत ने संसद में बताया कि विश्व आज शुद्द पेयजल की कमी से जुझ रहा है। भारत सरकार भी जल जीवन मिशन चलकर हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने को कटिबद्द है, परंतु मेरे लोकसभा क्षेत्र उदयपुर में 100 से अधिक बावड़ियों की जानकारी आई है जिनका जल संरक्षण, सांस्कृतिक मिलन और सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। समाज के विविध तीज त्यौहार भी यहां मनाए जाते रहे है। इन स्थानों पर देवी देवताओं के स्थान रहे हैं, लेकिन विगत कालखंड में यह पावन स्थान अपेक्षित होते गए जिसमें प्रदूषण व मलबे के डंपिंग यार्ड भी बनाए जा रहे हैं। उदयपुर शहर में एक बावड़ी में मिट्टी डालकर कब्जा करने की घटना भी चर्चा में रही है। सनातन धर्म संस्कृति पर परंपरा में वास्तु कला के यह महत्वपूर्ण स्थान ग्राम समाज के स्थानीय तीर्थ के रूप में पुनः प्रतिष्ठित हो सकते हैं। सांसद रावत ने सरकार से आग्रह किया कि इन स्थानों को जल जीवन मिशन से जोड़कर जल स्त्रोत के रूप में काम लेने के साथ ही सांस्कृतिक पर्यटन में ग्राम तीर्थ के रूप में भी विकसित किया जाए। यह काम विकसित भारत 2047 की राह में भी महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

# राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में वेदांता के हिन्दुस्तान ज़िंक स्टॉल को सभी ने सराहा

### देशी विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3 हज़ार से अधिक ने किया अवलोकन

### राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने स्टॉल का दौरा कर हिन्दुस्तान ज़िंक के संचालन के 3डी ऑगमेंटेड रियलिटी टूर का लिया अनुभव



**उदयपुर (पुकार)।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल बिजनेस समिट 2024 में अपने स्टॉल पर हजारों लोगो को आकर्षित किया। एट द कोर ऑफ द क्लीन एनर्जी ट्रान्जिशन थीम पर आधारित स्टॉल पर जीवन की धातुओं- ज़िंक, लेड और सिल्वर के सस्टेनेबल भविष्य और एडवांस टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने और सशक्त समुदायों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कंपनी के स्टॉल पर भारी भीड़ उमड़ी और अपनी इमर्सिव और इंटरैक्टिव प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन के कारण यह सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में उभरा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हिन्दुस्तान ज़िंक स्टॉल का दौरा किया और कंपनी के संचालन के 3डी आधारित रियलिटी बेस्ड वॉकथ्रू का अनुभव किया। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, शहरी विकास और स्वशासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, युगांडा, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, वेनेजुएला जैसे विभिन्न देशों के राजदूत, राज्य के गणमान्य व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी, उद्योगों के प्रतिनिधि,विद्यार्थियों, ग्राहक और व्यापार भागीदारों ने इंटरैक्टिव प्रदर्शनों के माध्यम से क्लीन एनर्जी ट्रान्जिशन के मूल का अनुभव किया। स्टैंडिंग आकर्षण इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी (वीआर) प्रशिक्षण अनुभव था, जो हिन्दुस्तान ज़िंक की खदानों में अर्थ मूविंग मशीनरी को चलाने का वास्तविक अनुभव प्रदान कर अंडरग्राउण्ड मशीनरी संचालन की आकर्षक झलक प्रस्तुत करता है। साथ ही इंटरैक्टिव जिंकी रोबोट ने स्टॉल पर आने वालो की तस्वीरें खींचकर और यादगार स्मृति चिन्ह प्रदान की। स्टॉल पर प्रीमियम उत्पाद प्रदर्शित किए गए, जिनमें विशेष उच्च श्रेणी का जिंक, एशिया का पहला कम कार्बन वाला ग्रीन जिंक इकोजेन, डाई-कास्टिंग मिश्रधातु, लेड, सिल्वर और उदयपुर में दुनिया के सबसे पुराने जिंक खनन स्थलों में से एक का अयस्क शामिल था। विशेष रूप भीलवाड़ा में दुनिया के सबसे बड़े अंडरग्राउण्ड जिंक माइनिंग और चित्तौड़गढ़ में दुनिया के सबसे बड़े एकमात्र जिंक-लेड स्मेल्टर के 3डी आधारित अनुभव को सराहा गया। इसके साथ ही, वेदांता के केयर्न ऑयल एंड गैस ने अपनी उन्नत ड्रोन तकनीक और वर्चुअल रियलिटी-आधारित प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया, जो बाड़मेर के मंगला में अपने परिचालन में सुरक्षा को बढ़ा रहा है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने लाइव कला और शिल्प प्रदर्शनी प्रस्तुत की, जहाँ हिंदुस्तान जिंक की सामुदायिक पहल की महिलाओं ने अपने अजरक और ब्लॉक प्रिंटिंग कौशल का प्रदर्शन किया। राजस्थान में 8,000 युवा खेल प्रतिभाओं को तराशने वाली ज़िंक फुटबॉल अकादमी के अनुभव के लिए वीआर-आधारित फुटबॉल गेम ने स्टॉल में एक और इंटरैक्टिव आयाम जोड़ा।समिट का प्रमुख आकर्षण वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल द्वारा वेदांता के हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा स्थापित किए जाने वाले दुनिया के पहले ज़िंक पार्क की घोषणा थी।

सबसे बड़े औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक जिंक पार्क राजस्थान में हिन्दुस्तान ज़िंक के उन्नत ज़िंक संयंत्रों के पास स्थापित किया जाएगा। रिन्यूएबल एनर्जी संचालन के साथ, यह हजारों रोजगार सृजन करने, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने और लेड, ज़िंक और सिल्वर और उनके बायप्रोडक्ट की आवश्यकता वाले व्यवसायों को पूरा करने में समर्थ होगा। इसके अतिरिक्त, यह पार्क आपूर्तिकर्ताओं को सेवाएं प्रदान करेगा तथा कच्चे माल, रखरखाव सेवाओं और उपकरण आपूर्तिकर्ताओं के लिए लागत प्रभावी और संसाधन कुशल वातावरण प्रदान करेगा। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपनी प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक, केयर्न ऑयल एंड गैस और सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के माध्यम से राजस्थान में 1 लाख करोड रूपयें के नए निवेश की घोषणा कर राज्य में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## बी प्लस

### फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी ने कौशल विकास की योजना बनाई

**उदयपुर (पुकार)।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स सप्लाई चेन में काम करने वालों को प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए अनूठी पहल करते हुए 2021 में सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) की स्थापना की थी। एससीओए में स्थानीय क्षेत्रों के वंचित समुदायों के युवाओं को निशुल्क एवं उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर में सफल होने और स्थानीय सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने में सक्षम बनें। एससीओए ने 2024 में 3,000 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित किया, जिनमें 20 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। ये आंकड़े विविधता एवं समावेश की दिशा में फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। यहां प्रतिभागियों को फ्लिपकार्ट के विभिन्न केंद्रों पर 45 दिन के हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस और ऑनलाइन क्लासरूम सेशन के माध्यम से रियल-वर्ल्ड ऑपरेशनल स्किल्स प्रदान की जाती हैं। इस विशेष प्रोग्राम के माध्यम से स्थानीय युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों, सैन्य कर्मियों और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों तक पहुंचा जाता है और उन्हें ई-कॉमर्स सेक्टर में रोजगार पाने में सक्षम बनाया जाता है।

### दुबई में आरकेएल के पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच में राजस्थान के 4 खिलाड़ी खेलेंगे

**उदयपुर (पुकार)।** दुबई में आरकेएल के पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच में राजस्थान के 4 खिलाड़ी खेलेंगे। इनमें इंडियन वारियर्स के पवनदीप सिंह (अनूपगढ़), गल्फ ग्लेडिएटर्स के राहुल चौधरी, संजय जागा एवं मोहित सिंह (सभी जयपुर) शामिल है। रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) के अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच में भारत के कई राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। 15 दिसंबर को दुबई के अल अहली स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा। दो शानदार टीमें, इंडियन वॉरियर्स और गल्फ ग्लेडिएटर्स, भारत के स्वदेशी खेल कबड्डी की जीवंतता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस ऐतिहासिक आयोजन को दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल का समर्थन प्राप्त है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पूरी तरह नई कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया

**उदयपुर (पुकार)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का अनावरण किया, जिसे 'पूरी तरह से सेडान' के रूप में डिज़ाइन किया गया है। कार्बन न्यूट्रल लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ, ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल 5वीं पीढ़ी की उन्नत हाइब्रिड तकनीक से लैस है, जो काफी बेहतर दक्षता और बेहतर प्रदर्शन प्रदान करती है। यह नया मॉडल अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, बेहतरीन एक्सटीरियर और इंटीरियर, सहज प्रौद्योगिकी एकीकरण के साथ बेजोड़ परिष्कार लाता है, जिससे उपभोक्ताओं की अनूठी आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। नए मॉडल के लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मसाकाज़ु योशिमुरा ने कहा - ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन का लॉन्च टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050 के अनुरूप बेहतर, संधारणीय गतिशीलता विकल्प विकसित करने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है। भारत एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, और हमारी उत्पाद रणनीति कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है।

## संक्षिप्त खबरें...

### राजस्थान सरकार का एक वर्ष, रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन



**चित्तौड़गढ़ ।** राज्य सरकार का 1 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार प्रातः इंदिरा गांधी स्टेडियम से कलेक्ट्रेट होते हुए सुभाष चौक तक रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया गया। रन फॉर विकसित राजस्थान को विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बड़ौली एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें छात्र वर्ग मे प्रथम स्थान कीर्श सेन, द्वितीय स्थान सूरज सिंह एवं तृतीय स्थान सावंत सुखवाल ने प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्रा वर्ग मे प्रथम स्थान अर्पिता जाट, द्वितीय स्थान मोनिका कुमावत, तृतीय स्थान मंजू रेगर ने प्राप्त किया। इन्हें अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीएम रामचंद्र खटीक, एएसपी सरिता सिंह, जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर, सीडीइओ प्रमोद कुमार दशोरा एवं हिंदुस्तान जिंक के हेड सहित अधिकारी कर्मचारी पुलिस जवान छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### राजस्थान राज्य कर्मचारी वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित



**चित्तौड़गढ़ ।** जिले की जिला स्तरीय अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ की मीटिंग जिला अध्यक्ष रतन लाल गुर्जर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर के गार्डन आयोजित की गई , मीटिंग के दौरान नगर परिषद फायर से रतनलाल मेघवाल पशुपालन से शंकर सिंह रावल जिला पुल से रमेश चंद मीणा ललित पांडे कैलाश चंद जाट प्रकाश चंद वैष्णव राजपाल यादव श्यामलाल डूंगला और सभी उपखण्ड,तहसीलों के वाहन चालक भी उपस्थित रहे मीटिंग में वाहन चालक के नई भर्ती पर चर्चा एवं अन्य मुद्दों पर मीटिंग रखी गई।तथा दो हजार सात सो पदों की भर्ती की निकली उसके लिए सरकार आभार जताया।

### पाराशर समाज का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**चित्तौड़गढ़।** पाराशर समाज का स्नेह मिलन समारोह बूंदी जिले धाबाइयो के नया गांव मे स्नेह मिलन आयोजित किया गया जिसमें भंवर लाल ,बृज बिहारी विनोद पाराशर चिरंजीवी पंकज पाराशर की वैवाहिक वर्षगांठ भी मनाई गई तथा अवसर परमहर्षि पाराशर वेद व्यास आश्रम मेवाड मातृकुंडिया के समाज जन को भी आमंत्रित किया था जिसमें नया गांव समाज ने मेवाड़ पाराशर समाज से पधारे गणपत लाल पाराशर आरणी राधे श्याम कोशीथल नाना लाल बैगु गोपाल पाराशर अहंदाबाद (आरणी) आयोजन में उपस्थित थे मातृकुंडिया भवन निर्माण की प्रगति पर नया Inch वासियो ने आश्रम के विकास हेतु 51000 रूपये का का नक़द निर्माण में सहयोग किया है । आश्रम मे सहयोग देने पर पाराशर मेवाड़ समाज ने आभार व्यक्त किया

### अटल भू जल योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला 17 एवं 18 दिसंबर को

**चित्तौड़गढ़ ।** अटल भू जल योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17 दिसंबर एवं 18 दिसंबर 2024 को प्रातः 10 बजे ॠतुराज वाटिका, रोडवेज बस स्टैण्ड के सामने, चित्तौडगढ़ में किया जाएगा। कार्यशाला में अटल भूजल योजना की जिला स्तरीय समिति एवं पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे।

### अटल भू जल योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला 17 एवं 18 दिसंबर को

**चित्तौड़गढ़ ।** अटल भू जल योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17 दिसंबर एवं 18 दिसंबर को प्रातः 10 बजे ऋतुराज वाटिका, रोडवेज बस स्टैण्ड के सामने, चित्तौडगढ़ में किया जाएगा। कार्यशाला में अटल भूजल योजना की जिला स्तरीय समिति एवं पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे।

### अटल भू जल योजना अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय जागरूकता रैली का आयोजन




**चित्तौड़गढ़ ।** अटल भू जल योजना के अन्तर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालनगर (चित्तौड़गढ) के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय जागरूकता रैली का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया और योजना के बारे में विस्तार से चर्चा कि गई तथा अटल भू जल योजना में जन सहभागीता द्वारा गिरते हुए भू-जल स्तर को बढाये जाने पर जोर दिया, रैली को झंडा दिखाकर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानमल चावला ने आरंभ किया। रैली को शहर के मुख्य मार्गो से निकाला गया, जिसमें छात्रों द्वारा भूजल बचाने हेतू नारे लगाए गए एवं लोगों को भू जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। रैली में स्थानीय विद्यालय के श्रीमती नीतू, राजेश दाधीच, डीपीएमयू भू जल विभाग, चित्तौड़गढ़ से भू जल विभाग के अधिकारीगण, कृषि विशेषज्ञ दिपेशमोहन शर्मा, आईसी विशेषज्ञ हरि शंकर शर्मा, प्रमोद उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल का नपानिया विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम



**चित्तौड़गढ़ ।** 'सूकुन भरी सर्दी' , 'हाड़ कंपाती ठंड में कोई विद्यार्थी ठिठुरने न पाए'उपरोक्त परिकल्पना के तहत महावीर इंटरनेशनल चितौड़गढ़ ने आज उच्च माध्यमिक विद्यालय नपानिया में स्वेटर एवं फुटवियर वितरण का कार्यक्रम रखा। कन्नौज निवासी स्व लालूराम जी स्व सोहन देवी जी टेलर की स्मृति में उनके परिवारजनों के सौजन्य से उच्च माध्यमिक विद्यालय नपानिया में 50 स्वेटर एवं फुटवियर वितरित किए गए। संक्षिप्त समारोह में जे एल टेलर एवं महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष अभय संजेती एवं प्रकल्प प्रभारी बसंती लाल मेहता ने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण , शिक्षा के महत्व एवं मोबाइल के अनआवश्यक उपयोग नहीं करने के बारे में समझाया। संस्था के अध्यापक सावरमल,सत्यनारायण वैष्णव ,प्रमोद रांका एवं गणमान्य नागरिकों श्री भंवर लाल मेनारिया आदि स्टाफ ने महावीर इंटरनेशनल का आभार जताया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल के जन्मोत्सव पर आयोजित दिव्यांग शिविर के प्रथम दिवस हुए 500 से अधिक उपकरणो का वितरण

## विधायक चंद्रभानसिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के सौजन्य से आयोजन





**चित्तौडगढ़ (पुकार)।** आगामी 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव व भाजपा सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर शाखा अजमेर के सौजन्य से दिनांक 12 से 15 दिसम्बर तक स्टेशन रोड स्थित श्री केसरियाजी जैन धर्मशाला चित्तौडगढ़ में आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का शुभारम्भ गुरूवार को श्री श्री 1008 विनोद यति महाराज, विधायक चंद्रभानसिंह आक्या, जिला प्रमुख भुपेन्द्रसिंह बड़ोली व उद्योगपति नरेन्द्र चोरड़िया द्वारा भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पूजा अर्चना के साथ किया गया।

प्रातः 9 बजे शिविर आरम्भ से ही बड़ी संख्या में दिव्यांगजन जिनका पूर्व में रजिस्ट्रेशन हो चुका है, अपने पात्र दस्तावेजो के साथ पहुंचे। इस दौरान विधायक आक्या स्वयं प्रत्येक दिव्यांगजन की सहायता करते दिखे। इस दौरान अपने सम्बोधन में विधायक आक्या ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके जन्मोत्सव की अग्रिम बधाई देते हुए कहां की प्रदेश की भाजपा सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इन चार दिवसो में 2 हजार से अधिक दिव्यांगजनो को लाभान्वित किया जाएगा तथा जो दिव्यांग इस शिविर में आने में असमर्थ रहेंगे उन्हे आगामी दिनो में उनके घर-घर जाकर उपकरणो का वितरण किया जाएगा। शिविर संयोजक रवि विराणी ने बताया कि चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में पात्र दिव्यांगजनो की सुविधा के लिये अनेक काउण्टर लगाये गये है। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। शिविर में विभाग के उप निदेशक अशिन शर्मा ने पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। शिविर संरक्षक अनिल ईनाणी ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस गुरूवार को 30 जयपुर फुट, 12 कृत्रिम हाथ, 91 कैलीपर, 40 बैसाखी, 139 कान की मशीन, 45 व्हीलचेयर, 85 ट्राई साईकिल, 5 ब्लाईड स्टीक, 2 कृत्रिम पेर, 78 बुजुर्ग छड़ी सहित 529 दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गया। श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के अजमेर संभाग कोर्डिनेटर सुरेश मेहरा ने बताया कि शिविर में गोद में लाओ, चलाकर ले जाओ की तर्ज पर जयपुर फुट लगाए गए। शिविर प्रभारी कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि चारदिवसीय शिविर में प्रत्येक पात्र दिव्यांग को लाभांवित किया जायेगा। शिविर में डॉ. हसंराज शर्मा, डॉ. रंजन नश्कर, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. सुफियान खान आदि ने सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर सीकेएसबी चैयरमेन लक्ष्मण सिंह खोर, पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भरत जागेटिया, तेजपाल रेगर, ओमप्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, रतन डांगी, पवन आचार्य, भोलाराम प्रजापत, शेलेन्द्र झंवर, नवीन पटवारी, बालकिशन भोई, नरेश जाट, रामेश्वर धाकड़, लाल चन्द गुर्जर, शिवराज सिंह बैजनाथिया, फतहलाल भड़कतिया, रामबक्ष कीर, रेणु मिश्रा, विमला गटियानी, मिनु कंवर, रेखा शक्तावत, प्रेम कुमावत, चांदनी गौड, ममता चैहान, राजन माली, रामप्रसाद बगेरवाल, गिरीश दीक्षित, गोपाल भांबी, शंकरलाल कीर, रतन वैष्णव, महेश लौहानी, रतन लाल भोई, प्रदीप बोहरा, कमल बिलोची, दिपक वर्मा, पंकज सेन, विनित तिवारी, नन्दलाल रेगर, वि' म गवारिया, मनोहर वैष्णव, कुलदीप शर्मा, उदय लाल धाकड, नरेन्द्र सिंह जवासिया, युवराज सिंह बिजयपुर, पप्पु लाल रेगर, महेन्द्रसिंह, दिनेश मुंदड़ा, राजेन्द्रसिंह सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**राजस्थान सरकार का एक वर्ष**

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन

## जिला स्तरीय प्रदर्शनी, पंच गौरव का शुभारंभ







**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन के प्रसारण के साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ ही, जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं पंच गौरव कार्यक्रम का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में 10 नवचयनित युवाओं को सांकेतिक तौर पर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसके साथ ही 16 स्कूटी, 11 कौशल कीट, 10 साइकिल, 11 टैबलेट का भी सांकेतिक तौर पर वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चितौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार का एक वर्ष अविस्मरणीय रहा है। आमजन के प्रति संवेदनशील राजस्थान सरकार का विकास हर क्षेत्र में दिखा है। सरकार की योजनाओं, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में बहुत काम हुआ है। जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली ने कहा कि विकसित राजस्थान और जिले के सपने को पूरा करने का जज्बा चित्तौड़गढ़ के युवाओं में है। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि युवा शक्ति संगम के इस कार्यक्रम से अन्य युवा प्रेरणा ले अपनी उन्नति का मार्ग प्रशस्त करे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं से अन्य युवा भी प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। पूर्व उप जिला प्रमुख मिठ्ठू लाल जाट ने राज्य सरकार को युवाओं के प्रति प्रतिबद्ध बताते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे कौशल विकास से स्वयं को मजबूत करते हुए रोजगार सृजन का माध्यम बने। कार्यक्रम को श्रवण सिंह राव ने भी संबोधित किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा ने आभार व्यक्त किया।

**बौद्धिक संवाद**

कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नरेश मीणा, किरण, राधिका सैनी, शंभूलाल गाड़ियां लोहार सहित अन्य युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए। जिला कलक्टर ने युवाओं के साथ बौद्धिक संवाद किया। उन्होंने कहा कि संघर्ष हमेशा व्यक्तिगत होता है जबकि सफलता सार्वजनिक होती है। युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा समाज को सदैव मिलनी चाहिए। युवा सोशल मीडिया की इस दुनिया में नकारात्मक सोच से दूर रहे। कर्म ही अपना लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने सभी नियुक्ति प्राप्त युवाओं को बधाई दी। इस अवसर पर प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटरू, पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, अतिरिक्त जिला कलक्टर भूमि अवाप्ति रामचंद्र खटीक, डीएफओ विजय शंकर पांडे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, एसीईओ राकेश पुरोहित, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, सीएमएचओ डॉ ताराचंद गुप्ता सहित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पूर्णिमा मेहता और गोपाल लाल जाट ने किया।

**जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ**

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिले में हुए विकास कार्यों की झलक गुरुवार को जिला स्तरीय प्रदर्शनी में दिखी।

कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह सोलंकी सहित अतिथियों ने जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाई गई विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर विभागों के उत्पादों, क्रियाकलापों आदि की जानकारी ली। साथ ही जिले के पंच गौरव चित्तौड़गढ़ दुर्ग, सीताफल, ग्रेनाइट, बेल पत्र एवं कबड्डी खेल का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटरु, जिला कलक्टर आलोक रंजन, एडीएम प्रभा गौतम, एडीएम रामचंद्र खटीक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, पूर्व जिला प्रमुख मिठ्ठू लाल जाट, श्रवण सिंह राव सहित जन प्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

**चित्तौड़ दुर्ग की प्रतिकृति ने किया अभिभूत**

जिला स्तरीय प्रदर्शनी स्थल पर बड़ी सादड़ी के नांदौली गांव के राहुल माली के द्वारा निर्मित चित्तौड़गढ़ किले की मिट्टी की प्रतिकृति ने सभी को आकर्षित किया। इस कार्य में राहुल का सहयोग देवकरण माली ने किया। राहुल की प्रतिकृति स्काउट की जंबूरी पाली में भी प्रदर्शित हुई है। राहुल को उपखंड स्तरीय और जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

**शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री की प्रेस वार्ता, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन एवं किसान सम्मेलन**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः 10.30 बजे इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित किसान सम्मेलन में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जिला विकास पुस्तिका का विमोचन करेंगे एवं इसके पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे

### चैक अनादरण में आठ माह की सजा

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** विशिष्ट न्यायाधीश एनआईएक्ट प्रकरण चित्तौड़गढ़ की पीठासीन अधिकारी रितिका श्रोती ने अपने एक निर्णय में चैक अनादरण के एक मामले में अभियुक्त अमरचंद कीर को आठ माह की सजा व तीन लाख 80 हजार आठ सौ रूपये की प्रतिकर राशि परिवादी को अदा करने का निर्णय दिया। प्रकरण के अनुसार प्रतापनगर, डाईट रोड़, कच्ची बस्ती निवासी अभियुक्त अमरचंद कीर ने परिवादी गोविंदसिंह चड्डा की दुकान से दो लाख 40 हजार रुपये के डिस्पोजल मोटर पार्टस एवं चालीस हजार नगद उधार लिये जिसके एवज में अभियुक्त ने दो लाख 80 हजार रूपये का एसबीआई कपासन का एक चैक दिया। चैक को बैंक में प्रस्तुत करने पर अपर्याप्त राशि के चलते अनादरित कर दिया गया। परिवादी ने एक प्रकरण न्यायालय में अधिवक्तागण दिनेश शर्मा, विशाल कुमावत के मार्फत प्रस्तुत किया गया जहाँ दोनों पक्षों के बहस सुनने के बाद परिवादी के अधिवक्तागण से सहमत होते हुए न्यायालय ने यह निर्णय दिया।

### बीमा स्वत्व दावा जनवरी 2025 तक ऑनलाइन अनिवार्य रूप से भेजें

**भीलवाड़ा।** जिन कर्मचारियो की जन्मतिथि 01 अप्रेल 1965 से 31 मार्च 1966 तक एवं सेवानिवृति तिथि 01 अप्रेल 2025 से 31 मार्च, 2026 तक होनी है, उनकी बीमा पॉलिसी 01 अप्रेल 2025 को परिपक्व हो रही है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधी विभाग संयुक्त निदेशक श्रीमती प्रियंका मेहरानिया ने सभी आहरण वितरण अधिकारियों एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 मे सेवानिवृत्त होने वाले बीमेदारो से आग्रह किया कि अपना बीमा स्वत्व दावा प्रपत्र, बीमा रिकार्ड बुक पुरानी व नई पासबुक मय टी.वी. नम्बर व दिनांक अंकित कर अंतिम बीमा कटौती तक डी.डी.ओ से प्रमाणित करवाकर, मूल बीमा पॉलिसी, केन्सल चैक, पदस्थापन विवरण स्वयं की एसएसओ आईडी में ई बैग मे अपलोड कर जनवरी 2025 तक ऑनलाइन प्रेषित करें, ताकि 01 अप्रैल 2025 तक स्वत्व दावे का निस्तारण करवाया जाकर भुगतान किया जा सके।

# गोलछा ग्रुप की घेवरिया सोप स्टोन माइंस को मिला 38वें खान सुरक्षा सप्ताह के तहत अवार्ड

## खान सुरक्षा सप्ताह 2024 -25 में गोलछा ग्रुप की घेवरिया सोपस्टोन माइंस सेफ्टी में शानदार उपलब्धि के लिए दिया गया अवार्ड



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** खान सुरक्षा निदेशालय अजमेर के तत्वाधान में खान सुरक्षा एसोसिएशन अजमेर क्षेत्र 1 - 2 द्वारा 38वां खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न समूह की 183 माइंस संचालकों ने भाग लिया। इस दौरान निदेशालय द्वारा गठित 12 निरीक्षण टीमों ने विभिन्न माइंस के कार्य-सिद्धांतों एवं सुरक्षा मापदंडों का आंकलन किया गया। खान सुरक्षा निदेशालय अजमेर के तत्वाधान में खान सुरक्षा एसोसिएशन अजमेर द्वारा आयोजित समापन समारोह जोधपुर के इण्डाना पैलेस में रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि आर टी मंडेकर, डीडीजी उत्तर-पश्चिम जोन डीजीएमएस, तथा डायरेक्टर डीएमएस सुरजीत कटेवा, डी एस साल्वी, जे पी वर्मा तथा अन्य अतिथि उपस्थित रहे। गोलछा ग्रुप यु एम डी एस की घेवरिया सोपस्टोन माइंस ने अपने पिछले वर्षो के प्रदर्शन को दोहराते हुए इस वर्ष भी ओवर आल केटेगरी बी -1 में सेकेंड प्राइज प्राप्त किया तथा अन्य कटेगरी में एक प्रथम प्राइज तथा दो द्वितीय प्राइज प्राप्त किये। सीओ विघ्नेश्वर स्वेन, आसकरण अग्रवाल, अजमेर, गोलछा ग्रुप यु एम डी एस के मैनेजर कुलदीप सिंह राठौड़, एस एन सहाय, रविकांत शर्मा, निरंजन शर्मा, प्रह्लाद धाकड़ तथा मुरारी लाल का ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गोलचा ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दिनेश पुरोहित ने बताया कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है की 38 वें खान सुरक्षा सप्ताह 2024-25 में हमारी यूएमडीएस की माइंस को चार अवार्ड प्राप्त हुए हैं। जिनमे बी-1 मेटल माइंस केटेगरी में ओवर आल 2 एनडी अवार्ड, ट्रांसपोर्ट रोड और डस्ट सेपरेशन में 1ै ज् तथा माइंस प्लान और एक्सप्लोसिव हैंडलिंग में 2छक् अवार्ड प्राप्त हुए। यह हमारी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, नवीन तकनीक, सतत विकास तथा पर्यावरण के प्रति सजगता को दर्शाता है। मैं खान सुरक्षा निदेशालय को सहर्ष धन्यवाद प्रकट करता हूँ, कि जिन्होंने हमारे प्रयासों को सराहा तथा आगे भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया हैं। मैं अपनी समस्त टीम को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने हमेशा सुरक्षा को सदैव प्रथम रखते हुए सुरक्षा के उच्च मापदंड माइनिंग कार्य में स्थापित किये हैं।

# सम्पादकीय

## पुरुष उत्पीडन का सच

यह कैसा दौर है? कैसे रिश्ते हैं? वैवाहिक संबंध बेचे जा रहे हैं? पुरुष उत्पीडन का नया तबका बन गया है। पुरुष एटीएम बनता जा रहा है। स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। लैंगिक विभेद की व्याख्याएं अधूरी और आग्रही हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। हम नारीवाद, महिला सशक्तिकरण के विरोधी भी नहीं हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीडन, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? बलात्कार, यौन उत्पीडन, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। अदालतों के जरिए ऐसे मामले भी सुर्खियां बनते रहे हैं। स्त्री को निर्णायक तौर पर दंडित करने वाले कानून क्यों नहीं हैं? समाज में पुरुष भी उतनी महत्वपूर्ण और अनिवार्य ईकाई है, जितनी महिला है। ये सवाल, ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में डीजीएम के पद पर कार्यरत, एआई इंजीनियर, 34 वर्षीय अतुल ने वैवाहिक उत्पीडन से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले उस नौजवान ने जो वीडियो सार्वजनिक किया और 24 पन्नों का आत्महत्या नोट लिखा, वे थर्राने वाले दस्तावेज हैं।

उस युवक ने अदालती व्यवस्था को भी बेनकाब किया, क्योंकि महिला जज ने 5 लाख रुपए की घूस मांगी थी। जज ने हंसते हुए व्यंग्य किया था, 'नहीं तो जिंदगी भर तुम और तुम्हारा परिवार अदालत के धक्के खाते रहना। नौबत आत्महत्या की भी आ सकती है, लिहाजा 5 लाख में तुम्हारा केस सेटल कर सकती हूं।' युवा इंजीनियर अदालत की व्यवस्था से भी उत्पीड़ित था। केस की 58 तारीखें लग चुकी थीं। वह बेंगलुरु से जौनपुर, यूपी में हर तारीख पर नहीं आ सकता था। उसे पत्नी की 3 करोड़ रुपए के गुजारा भत्ता की मांग भी सवालिया लगी। अंततः आत्महत्या का फैसला लिया, ताकि पैसा देने वाली ईकाई ही समाप्त हो जाए। आत्महत्या नोट में इंजीनियर ने लिखा- 'यदि मुझे इंसाफ न मिले, तो मेरी अस्थियां अदालत के पास वाले गटर में बहा दी जाएं।' कितना मार्मिक और पराजित कथन है यह! दरअसल हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच रहे हैं। आत्महत्या नोट 'सत्य की पराकाष्ठा' माना जाता है। मरने से पहले नौजवान इंजीनियर ने जो कुछ लिखा है, हम उसके आधार पर ही विश्लेषण कर रहे हैं और कुछ सवाल उठाए हैं। अदालत का फैसला आना है। हमारे कानून नारीवादी हैं। यदि स्त्री हिंसा या उत्पीडन अथवा शोषण की शिकायत दर्ज कराती है, तो पुरुष पक्ष के कई लोगों को जेल में भेजा जा सकता है। बाद में वह शिकायत फर्जी भी साबित हो सकती है। ऐसे कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। बेशक हमारा समाज पितृसत्तात्मक है। सभ्यता की बुनियाद यही है। औसत वैश्विक संस्थान पुरुष निर्मित है। अधिकतर भगवान पुरुष हैं, जिनकी पूजा महिलाएं करती हैं। यह दुनिया ही पुरुष की है, लेकिन अब यथार्थ बदल भी रहे हैं। औरत हर क्षेत्र में बढ़ रही है। फिर ऐसे कानून क्यों हैं कि जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मधु शर्मा ने की कार्यकर्ताओं से मुलाकात



उदयपुर (पुकार)। प.दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की संस्थापक व पूर्व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष मधु शर्मा दो दिन के उदयपुर प्रवास पर रही इस दौरान उन्होंने मंच के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं संगठन की कार्य व नीति रीति पर चर्चा की वही कार्यकर्ताओं ने भी अपनी अपनी बात उनके सामने रखी। इस मौके पर दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच मंच के जिलाध्यक्ष प्रेम ओबरावल, महिला मंच की जिलाध्यक्ष डॉ मंजूरानी सालवी,महामंत्री जमना भोई, एडवोकेट खुशबु नैनवा,गीता पालीवाल, व मंच के कार्यकर्ता नरेश मुर्डिया, किरण कुमार जैन,अनिल जैन, महेश शर्मा,तेजसिंह चुंडावत,श्रवण वैष्णव, विक्की कुमार,पुनीत जैन, दादू सिंह देवड़ा,प्रेम सुथार,शैलेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### शिक्षक स्वयं बने भामाशाह, बांटे स्वेटर



उदयपुर (पुकार)। गिर्वा ब्लॉक अधीनस्थ संचालित राउप्रावि बोरीकुआ में गुरुवार को विद्यालय के संस्था प्रधान स्वयं ने भामाशाह बन जरूरतमंद 50 विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे। विद्यालय के संस्था प्रधान मैगी मेंई दास ने सर्दी के मद्देनजर विद्यालय में अध्ययनरत जरूरत मंद 50 बच्चो को स्वयं के खर्चे पर स्वेटर देने की पहल की। ये स्वेटर संबलन के लिए विद्यालय पहुंचे एडीपीसी समग्र शिक्षा कार्यालय के कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश विश्नोई के हाथों बंटवाए गए। विश्नोई ने शिक्षक की इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए सभी शिक्षकों को इस प्रकार के नेक कार्यों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर विश्नोई द्वारा विद्यालय का संबलन भी किया गया।

इस दौरान उन्होंने कक्षा कक्षीय गतिविधियों,गृहकार्य जांच, पुस्तकालय,शैक्षिक स्तर,शौचालय स्वच्छता,विद्यालय की भौतिक स्थिति आदि का अवलोकन कर स्टॉफ को संबलन दिया।

इस अवसर पर विश्नोई ने विद्यालय में नो बैग डे,उत्सव पर्व, स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम,मिड डे मिल आदि गतिविधियों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर विद्यालय में अभिलेखीय संधारण सराहना की।

### सिनियर नर्सिंग ऑफिसर नरेश पूर्बिया को मिलेगा अटल सेवा श्री सम्मान



उदयपुर (पुकार)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती महोत्सव के शुभारंभ उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समता स्वतन्त्र मंच द्वारा होने वाले भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में एमबी हास्पिटल उदयपुर के सिनियर नर्सिंग आंफिसर नरेश पूर्बिया को उत्कृष्ट कार्यो व समाज सेवा के लिए 'अटल सेवा श्री अवार्ड 2024' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 16 दिसंबर को रतन बाग गार्डन, पश्चिम विहार जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

### युवक को पिस्तौल बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार

उदयपुर (पुकार)। सुखेर थाना पुलिस ने एक युवक पुलिस के एक युवक को पिस्टल बेचने में हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने 27 जुलाई को अमरखजी महोदव रोड पर एक स्कार्पियो में संदिग्ध युवकों के होने की शंका पर मौके पर जाकर देखा तो उसमें भूपेन्द्र सिंह पुत्र प्रेम सिंह राव निवासी जिंक स्मेल्टर चौराहा उदयसागर व उसके दो साथी थे। भूपेन्द्र की तलाशी में उसकी लोवर से पिस्टल मिली। पिस्टल होने की जानकारी गाड़ी में बैठे दोस्त रणजीत सिंह व कन्हैया कुमावत को नहीं थी। पूछताछ में बताया कि भीलवाड़ा की तरफ से 6 माह पूर्व खरीदकर लाया है, जिसका नाम-पता नहीं जानता। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में जांच करते हुए रौनक पठान उर्फ सोनू पुत्र मकबूल निवासी हीरा फैक्ट्री के पास सुभाषनगर भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ जारी है।

# ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, गिरोह के 7 शातिर आरोपियों को किया गिरफ्तार

**करोड़ो के लेनदेन का हिसाब लिखे 3 रजिस्टर, 5 लेपटॉप, 12 मोबाईल, 6 बैंक डायरी, 6 एटीएम व डेबिट कार्ड बरामद**



उदयपुर (पुकार)। गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खेलाने वाले गिरोह के 7 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे करोड़ों रुपए के लेनदेन का हिसाब लिखे 3 रजिस्टर बरामद किए गए हैं। साथ ही 5 लेपटॉप, 12 मोबाइल, 6 एटीएम और 6 बैंक डायरियां सहित डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं। थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत ने बताया कि दक्षिण विस्तार योजना स्थित एक मकान में कुछ युवकों के ऑनलाइन सट्टा खिलवाने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। वहां मौजूद युवक लेपटॉप व मोबाइल पर काम करते नजर आए। पुलिस को देखकर सकपकाकर खड़े हो गए। उनसे काम के बारे में पूछा तो उन्होंने एक वेबसाइट पर जुआ-सट्टा खेलाने की बात स्वीकार की। ये लोग ग्राहकों को वेबसाइट से जोड़कर उनको राशि के बदले प्वाइंट्स देकर सट्टा खेलाते थे। पुलिस ने आरोपी पुष्पेन्द्रसिंह चुंडावत पुत्र भंवर सिंह निवासी लसानी राजसमंद, शक्तिसिंह हाड़ा पुत्र गुलाबसिंह निवासी केकड़ी का लोहरिया चित्तौड़गढ़, महेन्द्रसिंह चन्द्रावत पुत्र मानसिंह निवासी जसवंतपुरा नीमच, कृष्णपाल सिंह पुत्र दयाशंकर निवासी देवरिया यूपी, राहुल चारण पुत्र सुखदेव सिंह निवासी धनायका राजसमंद, विशाल कीर पुत्र हजारीलाल निवासी हापाखेड़ी चित्तौड़गढ़ और प्रकाश पुत्र सोहन बुनकर निवासी आमेट राजसमंद को गिरफ्तार किया है।

**पुलिस टीम :** भवानी सिंह राजावत थानाधिकारी, गोवर्धनविलास के साथ धर्मवीर सिंह, मनोहर सिंह, हेमेन्द्र सिंह, भगवती लाल, दिनेश सिंह, हेमंत कुमार, राजेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, अंकित सिंह, जितेन्द्र सिंह, ब्रजराज सिंह एवं साईबर सैल के लोकेश रायकवाल।

### 'बेट भाई' नाम की साइट से चलाते सट्टा

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण लेपटॉप व मोबाईल पर ऑनलाईन बेटिंग वैबसाईट 'बेट भाई' पर विभिन्न खेलो के माध्यम से जुआ-सट्टा खिलवाने का कार्य करते है। ऑनलाईन जुआ-सट्टा खेलने वाले ग्राहक वैबसाईट के माध्यम से अभियुक्तगणों द्वारा दिये गये व्हाटसअप नम्बर से सम्पर्क करते है। जिन ग्राहको को ऑनलाईन जुआ-सट्टा खेलना हो उन ग्राहकों को अभियुक्तगण अपनी मास्टर आईडी से ग्राहको को क्लाईट आईडी उपलब्ध करवाते है। ग्राहक ऑनलाईन बेटिंग वैबसाईट 'बेट भाई' पर आईडी बनवाने के लिए तथा उक्त आईडी में पॉइंट्स प्राप्त करने के लिए अभियुक्तगणों द्वारा तैयार किये गये फर्जी खातो में राशि भेजते हैं। ग्राहको द्वारा भेजी गई राशि का हिसाब रजिस्टर में लिखा जाता है। ग्राहकों द्वारा भेजी गई राशि को अभियुक्तगणों द्वारा अपने अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर कर ली जाती है या एटीएम द्वारा निकाल ली जाती है। उक्त सम्पूर्ण ऑनलाईन बेटिंग वैबसाईट 'बेट भाई' की ऑपरेटिंग गिरोह के सरगना विवेक व शरद द्वारा की जाती है तथा उक्त कार्य से मिलने वाली राशि सरगना विवेक व शरद द्वारा अर्जित की जाती है।

## पुलिस अधिकारी के दामाद से भूखंड खरीद मामले में सवा चार करोड़ की धोखाधड़ी

उदयपुर (पुकार)। सुखेर थाना क्षेत्र में शहर के एक पुलिस अधिकारी के दामाद और गोयल रिसोर्ट एंड होटल के डायरेक्टर मनित पुत्र पवन गोयल के साथ साढ़े चार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। धोखाधड़ी भूखंड खरीद में की गई है। न्यू अशोकनगर निवासी मनित गोयल ने भूखंड खरीद के संबंध में गोकुलनगर बोहरा गणेशजी रोड निवासी राकेश पुत्र शंकरलाल सुहालका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मनित गोयल ने रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने सुखेर थाना क्षेत्र में 26,428 वर्ग फीट का एक आवासीय भूखंड खरीदने के लिए राकेश सुहालका के साथ 5 जनवरी 2024 को विक्रय इकरार किया था, जिसे उप पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत भी करवाया था।

आवासीय भूखंड की कीमत 5 करोड़ 65 लाख रुपए तय की गई थी। विक्रय इकरार के समय एडवांस में 4 करोड़ 50 लाख रुपए आरटीजीएस के तहत राकेश सुहालका को दिए गए, जबकि बकाया 1 करोड़ 65 लाख रुपए 12 महीनों में देना तय हुआ था। गोयल ने बताया कि वे पिछले तीन महीनों से भूखंड का पंजीयन-रजिस्ट्री करवाने के लिए राकेश सुहालका को संपर्क कर रहे हैं, लेकिन वह टालमटोल कर रहा है। वे बची हुई राशि देकर भूखंड का पंजीयन करवाना चाहते हैं, लेकिन राकेश सुहालका पंजीयन नहीं करवा कर टालमटोल कर रहा है।

### सगसजी बावजी मंदिर में अन्नकूट आज

उदयपुर (पुकार)। सर्वऋतु विलास स्थित सगस जी बावजी राज मंदिर में अन्नकूट महोत्सव शुक्रवार को आयोजित होगा। पुजारी प्रकाश चन्द्र दशोरा ने बताया कि इस अवसर पर बावजी को विशेष श्रृंगार धारण कराकर विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया जाएगा। सर्दी के मौसम को देखते हुए सर्दी के विशेष व्यंजन का भी भोग लगाया जाएगा। अन्नकूट महोत्सव के दर्शन शुक्रवार को अपराह्न 3 से रात्रि 10 बजे तक होंगे। 6:30 बजे भोग आरती एवं रात्रि 10 बजे शयन आरती होगी।

## रेलवे चुनाव में यूपीआरएमएस और एनडब्ल्यूआरईयू को मिली मान्यता

उदयपुर। रेलवे यूनियन की मान्यता को लेकर गत दिनों डाले गए मतों की गुरुवार को गणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा की गई। इसमें उत्तर-पश्चिम जोन में यूपीआरएमएस और एनडब्ल्यूआरईयू को मान्यता प्राप्त हुई। दोपहर में परिणाम जारी होने के बाद दोनों संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने जमकर खुशी मनाई और एकदूसरे को मिठाइयां खिलाई। रेलवे यूनियन की मान्यता के लिए इस बार चार यूनियन मैदान में थी।

गुरुवार को जारी परिणाम में उत्तर- पश्चिम रेलवे मजदूर संघ (यूपीआरएमएस) ने सर्वाधिक 37.99 प्रतिशत मत प्राप्त किए। इसी प्रकार नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन (एनडब्ल्यूआरईयू) ने 37.13 प्रतिशत मत प्राप्त किए। दोनों यूनियन को कुल मतदान का 35 प्रतिशत से अधिक मिलने पर मान्यता प्रदान की गई। इधर उत्तर-पश्चिम रेलवे कर्मचारी संघ को 21.54 प्रतिशत और स्वराज बहुजन रेलवे कर्मचारी यूनियन को 3.15 प्रतिशत मत ही प्राप्त हुए। दोनों यूनियन के पदाधिकारियों ने संगठन से जुड़े कर्मचारियों का आभार जताया और मिठाइयां वितरित करके जीत का जश्न मनाया।

### किशोरी घर से लापता, युवक पर शंका

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक किशोरी घर से बिना बताए लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर शंका जताई है। पुलिस सूत्रो के अनुसार किशोरी की मां ने रिपोर्ट दी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 9 दिसम्बर को रात 10 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। किशोरी की मां ने शंका जताई कि पुत्री को महेन्द्र कालबेलिया एवं पूनम जोगी आदि ले जा सकते हैं।

## बहुचर्चित 272 भूखंड घोटाले में मुख्य आरोपी दो दिन के रिमांड पर

उदयपुर (पुकार)। नगर निगम के 272 भूखंड खुर्द बुर्द करने के बहुचर्चित घोटाले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी को एसओजी ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर रखने के आदेश दिए गए। अब तक की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाए और लीजडीड और नामांतरण पत्र जारी करवा दिए।

एसओजी एएसपी स्वाति शर्मा ने बताया कि 272 भूखंड घोटाले में वर्ष 2022 में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसमें बताया कि राजेंद्र धाकड़ ने नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मिलकर हिरणमगरी सेक्टर 11 में निगम के 546 नंबर प्लॉट के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। फर्जी व्यक्ति किशन पटेल के नाम से निगम से लीजडीड और नामांतरण पत्र जारी करवा लिए। फिर सलूंबर निवासी अनिल कचौरिया को 50.01 लाख में बेच दिया।

मामले में एसओजी ने राजेंद्र धाकड़ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि इसने एकलव्य बस्ती मल्लातलाई निवासी किशनलाल गमेती के बैंक खाते में 7 लाख रुपए जमा कराए थे। किशन ने यह पैसे निकाल कर किशन मारवाड़ी और राकेश सोलंकी को दिए। दोनों ने पैसे विक्रम ताकड़िया तक पहुंचाए थे।

ज्ञातव्य है कि यूआईटी ने साल 2012 में नगर निगम को कुछ कॉलोनियां हस्तांतरित की थीं। इनमें कई भूखंड खाली और अधिकांश कॉर्नर के थे। बाद में कई लोगों ने इन पर कब्जा कर फर्जी दस्तावेज बनवा नामांतरण खुलवा लिए।

## गीता जयंती पर भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कृष्ण स्वरूप पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन



उदयपुर (पुकार)। भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दृश्य कला विभाग द्वारा भगवान कृष्ण के विभिन्न स्वरूप को दर्शाते हुए चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. रेणु राठौड़ ने बताया कि गीता जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और गीता के उपदेशों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में भगवान कृष्ण के विभिन्न रूपों की कलाकृतियां, पेंटिंग्स और मूर्तियां प्रदर्शित की गईं। विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन राणावत के मार्गदर्शन में आयोजित की गई इस चित्र प्रदर्शनी में गीता के श्लोकों का अर्थ और उनके जीवन में उपयोग पर आधारित पोस्टर और मॉडल भी शामिल थे। छात्रों ने गीता के विभिन्न संदेशों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में गजेंद्र सिंह राणावत, प्रियंका शर्मा, दिव्या व्यास, ईश्वर औदिच्य, सुयश शर्मा, दक्ष, दिनेश वागरीया घनश्याम लोहार आदि शामिल थे। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ.महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रुपाखेड़ी और कुल सचिव डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने सभी विद्यार्थियों को इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित की। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. कमल सिंह राठौड़ द्वारा दी गई।

## महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर को स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार




उदयपुर (पुकार)। शिक्षा के क्षेत्र में प्रदान किये जाने वाले राष्ट्रीय स्तर के सम्मानों में उदयपुर के महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर के प्राचार्य को सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिये 'स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर विद्यालय के प्राचार्य योगेन्द्र कटारे को जयपुर में आयोजित विशेष समारोह में 'सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य पुरस्कार' 'एक उपदेश संस्था' की ओर से प्रदान किया गया। प्राचार्य योगेन्द्र कटारे को यह सम्मान विद्यालय में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और नवाचारों के लिए प्रदान किया गया है। 'एक उपदेश संस्था' प्रतिवर्ष शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की गुणज्ञता अनुसार राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित करती है।

### मशीन में दबने से युवक की मौत

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र के फेरनियों का गुड़ा गांव में स्थित फैक्ट्री पर मशीन में दबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार निर्भय सिंह (26) पुत्र वदनसिंह खरबड़ फैक्ट्री में असिस्टेंट मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था। यह युवक पाइप की रिंग निकालने के लिए मशीन में घुसा और उसके बाहर निकलने से पहले ही मशीन शुरू हो गई। वह मशीन में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूरों ने इसे बाहर निकाल कर एमबी चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने इसे मृत घोषित कर दिया।

## विद्युत विभाग ठेकेदारों के हाथ में गया तो होगी अधिक बिल वसूली

**विद्युत व्यवस्थाओं के निजीकरण पर जताया रोष**

बांसवाड़ा। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड और केंद्रीय सार्वजनिक क्रमणों के साथ हुए निजी संयुक्त उपक्रम निगम की प्रक्रिया को निरस्त तथा राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की वर्तमान की स्थापित यूनिटों का निजी संयुक्त उपक्रम प्रक्रिया रोकने के संबंध में तहसीलदार आंबापुरा को किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन देकर बहिष्कार किया।

युवा जितेन्द्र डोडियार ने बताया कि अगर विद्युत विभाग का निजीकरण किया जाएगा, तो सरकारों द्वारा सब्सिडी नहीं दी जाएगी एवं बकाया बिल माफ नहीं किया जाएगा। राज्य के उपक्रम राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा स्थापित विभिन्न विद्युत इकाइयों को राज्य सरकार व निगम द्वारा निजी संयुक्त उपक्रम के माध्यम से विभिन्न कॉरपोरेशन निगम को सौंप रही है। आम जनता की मूलभूत आवश्यकता बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा है, जो सरकार की पहली प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है उनको अपने नियंत्रण में रखना चाहिए। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की विभिन्न विद्युत इकाइयां राज्य की संपत्ति तथा टेक से बनी हुई है जिनको निजी संयुक्त एकदम में देने से बिजली की लागत बढ़ेगी और राजस्थान की आम जनता को कोई राहत नहीं मिलेगी। एडवोकेट निलेश मईड़ा ने बताया कि विद्युत विभाग ठेकेदारों के हाथ में चला जाएगा तो अधिक बिल वसूल किया जाएगा। एडवोकेट देवेंद्र मईड़ा ने बताया कि सरकार निजीकरण निरस्त कर किसानों एवं मध्यम वर्ग परिवार के हित में फैसला ले तो किसानों को राहत मिलेगी।

# बांसवाड़ा में रन फॉर विकसित राजस्थान से सरकार की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रमों का हुआ आगाज

### रंगमंच पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम



बांसवाड़ा। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिले में विविध कार्यक्रम हुए, जिनका आगाज रन फॉन विकसित राजस्थान से हुआ। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह रंगमंच पर आयोजित किया गया। साथ ही स्थानीय सूचना केन्द्र पर विकास प्रदर्शनी का उदघाटन, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की श्रृंखला में जोधपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंस से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में हुए मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह रंगमंच में प्रदेश के जनजाति क्षेत्रीय विकास, गृह रक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग की ओर से रंगमंच में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार उत्सव के तहत गुरुवार को जिले के विभिन्न विभागों के 408 युवाओं को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक कैलाश चंद्र मीणा, पूर्वमंत्री धनसिंह रावत, पूर्व संसदीय सचिव भीमाभाई सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और जिला प्रभारी सचिव नकाते शिवप्रसाद, जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल, सीएमएचओ डॉ एचएल ताबियार साहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। नियुक्ति पत्र में सबसे अधिक चिकित्सा विभाग के 326 कार्मिक रहे। कार्यक्रम को राज्य स्तर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, एसीएस गायत्री राठौड़ ने संबोधित किया। चिकित्सा मंत्री ने बांसवाड़ा का भी नाम लेते हुए कहा कि आने वाले 6 माह में अस्पतालों में सभी पद भर दिए जाएंगे। उन्होंने गांव-गांव में डॉक्टर नियुक्त करने का भरोसा दिया।

चिकित्सा विभाग की टीम ने उपस्थित हुए युवाओं को स्वागत किट दिया, जिसमें मुख्यमंत्री का बधाई संदेश भी शामिल था। जिसे पढ़कर युवाओं में खुशी दिखाई दी। साथ ही युवाओं ने एक दूसरे को बधाई दी। सीएमएचओ डॉ एचएल ताबियार ने बताया कि किट में लोक दायित्व को लेकर आईईसी की ओर से तैयार की गई बुक लेट भी दी गई है। रंगमंच सुबह से ही खचाखच भर गया, युवाओं के साथ उनके अभिभावक भी थे। नियुक्ति पत्र को लेकर उत्साह दिखा। रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन से पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कॉलेज छात्राओं को स्कूटी वितरण किया। इस अवसर पर काली बाई भील मेधावी स्कूटी योजना एवं देवनारायण स्कूटी वितरण योजना के तहत 1245 पात्र लाभार्थी छात्राओं में से मौके पर 15 छात्राओं को प्रभारी मंत्री ने स्कूटी की चाबी सौंप कर लाभान्वित किया।

### रन फॉर विकसित राजस्थान में दौड़े महिला-पुरुष

वहीं गुरूवार सुबह 7.30 बजे जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ का आयोजन विवेकानंद चौराहे से डायलाब हनुमान मंदिर तक किया गया।

रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ को अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में शामिल महिला, पुरूष में प्रथम पांच स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। दौड़ में सीओ स्काउट दीपेश शर्मा, एडीपीसी भरत पंड्या, शिक्षा विभाग से शबनम, शारीरिक शिक्षक अनिल शर्मा, सुनील कश्यप, राजेन्द्र गरासिया, वीरेन्द्र तंवर, लालसिंह गरासिया ने सहयोग प्रदान किया।

### विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन :




सूचना केन्द्र में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी ने किया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री के साथ अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश तथा जिले में हुए विकास कार्यों की जानकारी ली। सूचना केन्द्र में ही पंच गौरव के तहत स्थापित स्टाल्स का शुभारंभ प्रभारी मंत्री ने मां त्रिपुरा सुंदरी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पंच गौरव स्टॉल पर वन, कृषि, उद्योग, खेल विभाग व पर्यटन के गौरव को मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। विद्युत विभाग द्वारा सौर ऊर्जा से विद्युत का उत्पादन तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जिले में बन रहे पुलों के तकनीक आधारित मॉडल, आरयूडीपी द्वारा सीवरेज से संबंधी मॉडल का प्रर्दशन किया गया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात सूचना केन्द्र द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तक का विमोचन समारोह जिला प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसमें जिले के प्रभारी सचिव नकाते शिवप्रसादमदन, गढी विधायक कैलाशचन्द्र मीणा, कुशलगढ़ के पूर्व विधायक भीमा भाई, बांसवाड़ा के पूर्व विधायक धनसिंह रावत, जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला सहित अतिथियों ने जिला विकास पुस्तक का विमोचन किया। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों का अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने स्वागत किया। संचालन साहित्कार बृजमोहन तूफान ने किया। कार्यक्रमों में आयुक्त आबकारी विभाग राज. एवं जिले के प्रभारी सचिव नकाते शिवप्रसाद मदन, जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रन फॉर विकसित राजस्थान में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से लगाई दौड़

**सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों का दौर जारी**

**राजसमंद (पुकार)।** सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों का दौर जारी है। इन कार्यक्रमों का आगाज गुरुवार सुबह 8 बजे बालकृष्ण स्टेडियम रन फॉर विकसित राजस्थान के साथ हुआ। विकास को समर्पित इस दौड़ को जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।



इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम बृजेश गुप्ता, सीडीईओ मुकुट बिहारी शर्मा, डीईओ माध्यमिक नूतन प्रकाश जोशी, डीईओ प्रारंभिक राजेंद्र गग्गड़, एडीईओ शिवकुमार व्यास, एडीपीसी घनश्याम गौड़, समग्र शिक्षा कार्यक्रम अधिकारी राकेश गोस्वामी, जिला खेल अधिकारी धर्मदेवसिंह आदि मौजूद रहे। बच्चों ने विकसित राजस्थान और जय जय राजस्थान के नारों के साथ दौड़ लगाई। सर्दी के इस मौसम में भी सुबह - सुबह दौड़ को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। कार्यक्रम से पूर्व सभी बच्चों को भेंट स्वरूप टी शर्ट वितरित की गई। यह दौड़ पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंच कर समाप्त हुई जिसमें लगभग विभिन्न विद्यालयों के 1200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### विद्यालय में कौशल विकास सामग्री का वितरण

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे मे संचालित पीएमश्री नन्दलाल जोशी राउमावि में गुरुवार को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद से प्राप्त कौशल विकास किट वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य



अतिथि उपसरपंच दिग्विजयसिंह भाटी ने बालिकाओं को विद्यालय में कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड की कक्षा 10 एवं 12 की 54 बालिकाओं को कौशल विकास किट का वितरण किया गया। इस दौरान संस्था प्रधान उमेश शर्मा, एसडीएमसी विधायक प्रतिनिधि भगवानसिंह चूंडावत, नितिन महात्मा, उप प्राचार्य कृष्ण गोपाल नंदवाना, मुरारीलाल, आनंदिता व्यास, रामगोपाल आचार्य, सुरेश कीर, करुणा सोनी, अंजना पंचोली, जीतराम, पूजा ताम्रकार, सिमरन, सरोज यादव, सुरेश पूर्बिया, कैलाश चंद्र उपस्थित थे।

### बार एसोसिएशन राजसमंद के वार्षिक चुनाव 2025 में हर पद पर होगा सीधा मुकाबला

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय पर बार एसोसिएशन भवन में गुरुवार को मुख्य चुनाव अधिकारी प्रजीत तिवारी के नेतृत्व में सहायक चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर आचार्य व नरोत्तम पालीवाल के साथ बैठक का आयोजन हुआ। वार्षिक चुनाव के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए बार भवन में मतदान शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक कराया जाएगा। मतदान के बाद तत्काल परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए रामलाल जाट व बहादुरसिंह चारण, उपाध्यक्ष पद के लिए गोपाल कृष्ण जाट व गिरिराज सोनी, सचिव पद के लिए शैलेन्द्र सनाढ्य व महेश सेन एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए ललित कुमावत व शीतल हिंगड़ के मध्य सीधा मुकाबला होगा।

### आमेट का डिजिटल भू अभिलेख आमजन को आज होगा समर्पित

**राजसमंद(पुकार)।** जिले में आमेट तहसील के सर्वे रिसर्वे कार्य उपरान्त नवीन डिजिटल भू अभिलेख को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुक्रवार को आमजन को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम प्रसारण के लिए तेरापंथ भवन आमेट में कैंप आयोजित किया जाएगा। यहां एलईडी के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, काश्तकारों की उपस्थिति में कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। कैम्प में आमेट तहसील के तैयार नवीन रिकॉर्ड को ई-धरती एवं भू-नक्शा पोर्टल पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा तथा इच्छुक काश्तकार को जमाबंदी व नक्शे की प्रति वितरित की जाएगी। कैम्प में जनप्रतिनिधि व काश्तकारों को आमंत्रित किया जाकर सर्वे रिसर्वे प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी भू प्रबंध एवं राजस्व कार्मिकों द्वारा प्रदान की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री किसान सम्मेलन का लाइव प्रसारण प्रदर्शित किया जाएगा। भू प्रबन्ध विभाग द्वारा तैयार की गई वीडियो डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाएगी। कार्यकारी संस्था द्वारा नक्शा सर्वे रिसर्वे गाइडलाइन की एक-एक प्रति एवं डीजीपीस मशीन को भी रखा जाएगा।

### सरकार मना रही वर्षगांठ, अधूरे सपने पूरे होने की आस

**पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ की अनुकंपा नियुक्ति की मांग**

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ जिले की आवश्यक बैठक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश पालीवाल की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप उद्यान जिला कलेक्ट्रेट परिसर में हुई। जिलाध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि जहां सरकार एक ओर भजनलाल सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में उपलब्धियां गिना रही है और बड़े-बड़े आयोजन कर रही है। वहीं वर्षों से संविदा का दंश झेल रहे पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों के नियमितीकरण का वादा अभी भी कागजों में ही धूल खा रहा है। पिछले 40 दिनों से बीकानेर शिक्षा निदेशालय के सामने लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिस पर अब तक सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की है यह राज्य सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाती है। पालीवाल ने बताया कि विधानसभा में मुख्यमंत्री ने अनुभव में शिथिलन देकर नियमित करने का वादा किया जो अब तक अधूरा है। राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ जिले ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार से मांग की है कि अनुभव में शिथिलन अवधि को वर्ष 2025-2026 तक वृद्धि करते हुए संविदा सेवा नियम 2022 के अनुसार कार्यरत सभी पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों के पूर्व अनुभव की गणना कर शिक्षा विभाग में प्रक्रियाधीन नियमितिकरण की प्रक्रिया के साथ ही हमें भी नियमितीकरण करके सरकार अपनी प्रथम वर्षगांठ पर हमें शोषण से मुक्त कर नियमितिकरण की सौगात देकर हमारे अधूरे सपने पूरे करें।

**संविदा कर्मी की मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति की मांग**

पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ के जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने कहा कि संविदा सेवा नियम 2022 में सम्मिलित होने के बाद जिस भी पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक की मृत्यु हुई है। राज्य सरकार उनके परिवारजन को अनुकंपा नियुक्ति दे व परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता व सरकारी कर्मचारियों के अनुरूप पेंशन व अन्य समस्त परिलाभ देने की मांग दोहराई है। बैठक समाप्ति से पूर्व मावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत महुडा में कार्यरत संविदा कार्मिक पंचायत शिक्षक दुर्गा पालीवाल की विद्यालय जाते समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर संघ ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की व परिवार जनों को अनुकंपा नियुक्ति व आर्थिक सहायता के लिए राज्य सरकार से मांग की गई।

# सूचना केंद्र में सात दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

● मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन का सपना हो रहा साकार : विधायक माहेश्वरी

● राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : माहश्वरी





**राजसमंद (पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याणकारी राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सात दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी शुभारंभ सूचना केंद्र में हुआ। विधायक दीप्ति माहेश्वरी तथा जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिले में पहली बार विविधतापूर्ण प्रदर्शनी आयोजित हुई, जिसमें न सिर्फ जिला प्रशासन तथा विभागीय उपलब्धियों को दर्शाया गया बल्कि नवाचार भी हुए। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम बृजेश गुप्ता, उपवन संरक्षक सुदर्शन शर्मा, सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल, जिला जन सम्पर्क अधिकारी प्रवेश परदेशी, रसद अधिकरी रणजीतसिंह, नगर परिषद एक्सईएन तरूण बाहेती, पीएमओं डॉ रमेश रजक, तहसीलदार विजय कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

**लाइव डेमो से प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र**

राजीविका के उत्पादों की स्टॉल्स पर भीड़ उमडी रही। लोगों ने राजीविका के विभिन्न उत्पाद जैसे मीनाकारी, मृणशिल्प कला, शरबत, गुलकंद आदि को देखा। कृषि एवं उद्यान विभाग ने सूचना केंद्र परिसर में बकायदा एक फार्म पौंड बना कर सोलर के माध्यम से सजीव प्रदर्शन किया। साथ ही शेडनेट, ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, उन्नत फसलों की प्रदर्शनी दिखाई गई। सूचना केंद्र में उन्नत फलों के पौधे भी लगाए गए। एवीवीएनएल ने पीएम सूर्य घर योजना का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। पंच गौरव का भी शुभारंभ हुआ। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच शिविर लगाया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी सहित अन्य अतिथियों ने बीपी एवं शुगर जांच करवाई। आयुर्वेद विभाग ने पंचकर्म सहित आयुर्वेदिक औषधियों को प्रदर्शित किया। इसी तरह अन्य विभागों की स्टॉल्स भी आकर्षण का केंद्र रही।

**दिखी विकास और उपलब्धियों की झलक**

विकास प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के दौरों, विभिन्न आयोजनों, जिले में हुए नवाचार जैसे प्रोजेक्ट सक्षम सखी, प्रोजेक्ट श्रम संबल, स्वच्छता विशेष अभियान, पालनहार विशेष अभियान एवं क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम आदि को दर्शाया गया। ऐसे ही झील पूजन एवं आरती, महत्वपूर्ण बजट घोषणाओं यथा 3530 करोड़ की जाखम परियोजना संबंधी कार्य, 1000 करोड़ के जल जीवन मिशन कार्य, 60 करोड़ के बेड़च का नाका संबंधी कार्य, राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट सहित जिले में पूर्ण हुए एवं प्रगतिरत सड़क, बिजली, पेयजल आदि संबंधी कार्यों को प्रदर्शित किया जिसकी आगंतुकों ने सराहना की। प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा जिले में लागू विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, उनसे लाभान्वित हुए लोगों की सक्सेस स्टोरी, योजनाओं की जानकारी आदि को दर्शाया गया। संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी ने अतिथियों को प्रगति से अवगत कराया।

**वेस्ट टू आर्ट रहा आकर्षण का केंद्र**

प्रदर्शनी में जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने वेस्ट टू आर्ट का सजीव प्रदर्शन किया। सिंगल यूज प्लास्टिक को बोतलों में बंद करने के बाद सूचना केंद्र परिसर में एक स्थायी चबुतरे का निर्माण किया गया जो यहां आने वाले आगंतुकों को अब सदैव प्लास्टिक मुक्त भारत की प्रेरणा देगा। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि अब तक एक करोड़ से अधिक पोलिथिन को हमेशा के लिए बोतलों में बंद कर दिया गया है और अब इन बोतलों से कलाकृतियां बनाई जा रही है।

**पंच गौरव हमारे जिले की पहचान**

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जिले के पंच गौरव को लेकर लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। जिला कलक्टर असावा ने हर एक गौरव ने सभी को परिचित कराया। एक जिला एक गंतव्य के रूप में नाथद्वारा एवं कुंभलगढ़ए एक जिला एक फल के रूप में सीताफल, एक जिला एक प्रजाति के रूप में नीम एवं लेपर्ड, एक जिला एक उत्पाद के रूप में टेराकोटा एवं मार्बल ग्रेनाइट के उत्पाद, एक जिला एक खेल के रूप में हॉकी का प्रदर्शन किया। सीताफल का लाइव पल्प निकाल कर दिखाया गया। विधायक माहेश्वरी एवं जिला कलक्टर असावा ने सांकेतिक रूप से खिलाड़ियों के साथ हॉकी खेल कर सभी का उत्साहवर्धन किया।

**राजसमंद का होगा सर्वांगीण विकास**

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राज्य सरकार के इस प्रथम वर्ष में राजसमंद जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, किसानों के उत्थान और वंचित वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में सरकार ने विशेष प्रयास किए गए हैं। जहां एक ओर राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 में जिले में स्टोन मण्डी की घोषणा से भविष्य को लेकर नई राह खुली है, तो वहीं राइजिंग राजस्थान के तहत राजसमंद इन्वेस्टर मीट में 5500 करोड़ रुपए से अधिक राशि के एमओयू होने से रोजगार के नए अवसर खुलना सुनिश्चित हुआ है। इसी प्रकार बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति के क्रम में लगभग 3530 करोड़ रुपए की लागत से जिले में जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजना का कार्य भी द्रुत गति से किया जा रहा है, यह कार्य पूर्ण होने के बाद जिले के बड़े हिस्से को जलापूर्ति संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। जिले की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिले को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारा संकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। हम समर्पण, पारदर्शिता और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ते हुए सरकार की प्रत्येक योजना में प्रत्येक वचिंत और पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

**आज व कल ये कार्यक्रम होंगे आयोजित**

शुक्रवार को प्रातः 11 बजे अणुव्रत विश्व भारती सभागार में किसान सम्मेलन आयोजित होगा। साथ ही दोपहर 1 बजे राजस्व राज्य मंत्री विजयसिंह सूचना केंद्र में प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे, साथ ही जिला विकास पुस्तिका और सुजस विशेषांक का विमोचन करेंगे। इसके बाद राज्यमंत्री राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रेस वार्ता करेंगे। शनिवार को सुबह 11 बजे महिला सम्मेलन और 15 दिसंबर को प्रातः 11 बजे अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन अणुव्रत विश्व भारती सभागार में होगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे दादिया जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में हो रहे लोकार्पण और शिलान्यास समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट होगा। 17 दिसंबर को जिले से भी बड़ी संख्या में लाभार्थी दादिया पहुंचेंगे।

## टीकाकरण के प्रति जागरूकता बैठक आयोजित

● भोपाजी का आव्हान अंधविश्वास को छोड़े



**राजसमंद(पुकार)।** स्वास्थ्य विभाग देलवाड़ा की ओर से अर्पण सेवा संस्थान यूनिसेफ से जीरो डोज कार्यक्रम का आयोजन देलवाड़ा ब्लॉक के 35 सब सेंटर पर किया जा रहा हैं। कम्युनिकेशन प्लान अंतर्गत गुरूवार को आगनवाड़ी केंद्र केशरपुरा रामपुर पर सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक कॉर्डिनेटर प्रकाश खटीक ने उपस्थित गांव के लोगों को टीकाकरण क्यों महत्व प्रभाव बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की। चामुंडा माताजी के भोपाजी नाथुलाल ने कहा कि सब बच्चों को टीके लगवाने का आव्हान किया। उन्होने कहा कि बावजी कभी टीके लगवाने के लिए मना नहीं करते मेरे देवरे पर जो भी आयेगा सभी को टीके लगवाने के लिए कहा जाएगा। राउप्रावि केशरपुरा के अध्यापक शंकरलाल वर्मा ने कहा कि ये अच्छी पहल हैं। प्रार्थना सभा में सभी बच्चों को टीकाकरण की जानकारी दी जाएगी। साथ ही सभी बच्चें अपने अपने परिवार में टीकाकरण की जानकारी देंगे। इस दौरान एएनएम उर्मिला शर्मा, आशा ममला कुंवर, आगनवाड़ी कार्यक्रता सायर गमेती सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## बीएन कॉलेज में मानचित्रकला पर कार्यशाला का आयोजन



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज के भूगोल विभाग की ओर से मानचित्र निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि छात्राओं ने मानचित्र निर्माण की परम्परागत एवं नवीन तकनीक जीआईएस के माध्यम से विश्व, भारत, राजस्थान तथा राजसमन्द के मानचित्रों में विभिन्न तथ्यों को प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विभागाध्यक्ष डॉ गजेन्द्रसिंह चारण ने छात्राओं को मानचित्र के आवश्यक तत्वों तथा मानचित्र मापनी निर्माण विधियों से छात्राओं को अवगत कराया। व्याख्याता डॉ कमलेश पालीवाल ने डिजीटल मानचित्र कला एवं जीआईएस के अनुप्रयोग को प्रयोगात्मक रूप से छात्राओं को स्पष्ट किया। प्रथम सत्र में आयोजित प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम स्थान पर सीमा रेगर, द्वितीय स्थान पर पायल सालवी एवं तृतीय स्थान पर पूनम कुंवर राठौड़ रही। वहीं स्नातक स्तर पर प्रथम स्थान पर खुशी प्रजापत (बीए तृतीय सेमेस्टर), द्वितिय स्थान पर खुशी प्रजापत (बीए प्रथम सेमेस्टर) एवं तीसरा स्थान पर प्रज्ञा सोनी (बीए तृतीय वर्ष) रही। निर्णायक डॉ सुरेन्द्रसिंह चुण्डावत एवं डॉ सम्पतलाल रेगर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## शिक्षक संघ ने की सिसोदिया का निलंबन निरस्त करने की मांग



**राजसमंद(पुकार)।** जिले में आमेट उपखंड के माणकदेह महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक भ्रमण के दौरान हुई दुर्घटना को लेकर संस्था प्रधान राजेंद्रसिंह सिसोदिया के निलंबन की कार्यवाही का विरोध करते हुए राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य के नेतृत्व में जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपकर उनका निलंबन निरस्त कर पुनः बहाल करने की मांग की है। संघ के प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य, जिला सभाध्यक्ष ऋषिकेश गुर्जर, जिला संगठन मंत्री शंकर माली, महिला संगठन मंत्री कल्पना खंडेलवाल, जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण, अध्यक्ष आमेट हरिओम सिंह चुंडावत, राजसमंद अध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, ईश्वरसिंह कुम्पावत, कमलपुरी, सिद्धार्थ सांदु, चौथमल जाट, भागचंद खटीक ने पूरी घटना की सभी पक्षों को ध्यान में रखकर जांच की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविरा पंचांग और नई शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं के शैक्षिक भ्रमण का उल्लेख है परंतु उच्च अधिकारी अनुमति देने में आनाकानी करते हैं और अधिकांश अवसरों पर अपने स्तर पर करने का कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। जिससे संस्था प्रधान को एसएमसी की सहमति पर ऐसे शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने होते हैं। ऐसे में सिर्फ संस्था प्रधान को जिम्मेदार ठहराया जाना अनुचित है जबकि वो स्वयं बालक-बालिकाओं को बचाते हुए घायल हुए हैं। यह तो एक दुर्घटना थी जो अनुमति के बाद भी हो सकती थी। इसलिए संघ की मांग है कि एक तरफा कार्यवाही को वापस लेते हुए सिसोदिया को पुनः बहाल किया जाए। संघ की इस मांग पर जिला कलेक्टर ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## एनएच-162 ई का कार्य द्रुत गति से जारी

● अब तक 100 करोड़ का मुआवजा वितरित

● हाइवे निर्माण कार्य किसी भी तरह से प्रभावित नहीं



**राजसमंद (पुकार)।** जिले में चारभुजा से भटेवर तक निर्माणाधीन एनएच-162 ई का कार्य द्रुत गति से जारी है। सार्वजनिक निर्माण विभाग, एनएच खण्ड उदयपुर के अधिशाषी अभियंता भूपेंद्र राठौड़ ने बताया कि इस हाइवे की कुल लंबाई 142 किमी होकर दो पैकेज में विभाजित है। पहला पैकेज चारभुजा से लेकर निचली ओडन तक 88.8 किमी एवं शेष 53.23 किमी पैकेज-2 निचली ओडन से लेकर भटेवर तक है। चारभुजा से लेकर निचली ओडन तक पैकेज-1 का कार्य 88.80 किमी सड़क में से 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें 255 बॉक्स कलवर्ट में से 240 बॉक्स, 19 में से 16 माइनर ब्रिज, 4 मैजर ब्रिज में से 3 का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में बलीचा से लेकर निचली ओडन के मध्य में नाली निर्माण, सड़क लेवलिंग, मिट्टी का कार्य एवं डामरीकरण का कार्य एवं शेष पुलियाओं का कार्य प्रगतिरत है एवं ओलादर तथा केलवाड़ा में अण्डरपास का कार्य प्रगतिरत है। राठौड़ ने बताया कि लगभग आधी अवधि में ही 60 प्रतिशत कार्य कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य जल्द से जल्द पूर्ण होने की पूरी संभावना है। मुआवजा भुगतान सड़क निर्माण की प्रगति में किसी भी प्रकार से बाधक नहीं है। मुआवजा वितरण का कार्य पूरी तत्परता के साथ किया जा रहा है। इसके लिए निरंतर जिला प्रशासन की ओर से शिविरों का आयोजन किया जा है एवं अतिरिक्त स्टाफ भी नियोजित किया गया है। राजसमंद जिला क्षेत्र में पैकेज-1 और 2 दोनों का मिलाकर कुल 326 करोड़ रुपए का मुआवजा वितरित होना है जिसमें से लगभग 100 करोड़ रुपए का मुआवजा वितरित हो चुका है। शेष राशि का वितरण भी किया जा रहा है। कुछ समस्याएं हितधारकों के दस्तावेज पूर्ण नहीं होने, खाता सत्यापन नहीं हो पाने, केवाईसी नहीं होने और एक ही खसरे में 20 से 25 खातेदार होने से मुआवजा वितरण में समय लग रहा है लेकिन इस कार्य से हाइवे निर्माण बाधित नहीं होकर तेजी से जारी है। प्रशासन एवं पीडब्ल्यूडी (एनएच) द्वारा आपसी समन्वय से समय-समय पर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

## धोखाधड़ी व चोरी के दो अलग मामले में 3 व 6 साल से फरार 5 व 10 हजार के ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**राजसमंद (पुकार)।** कांकरोली पुलिस थाना ने धोखाधड़ी व चोरी के अलग-अलग प्रकरणों में 3 व 6



साल से फरार 5 व 10 हजार के ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रकरणों में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के लिए जिला स्तर पर गठित विशेष टीम के द्वारा वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में गठित विशेष टीम ने पुलिस थाना कांकरोली के प्रकरण में विगत 3 साल से फरार वांछित ईनामी अभियुक्त कैलाश (61) पुत्र माखनलाल शर्मा निवासी खेडा लाठकी पुलिस थाना बहतुका जिला अलवर हाल निवासी 80 फीट रोड अनाज मंडी के पास खेरली पुलिस थाना खेरली जिला अलवर को मुखबिर सूचना से अभियुक्त के निवास पर दबिश देकर दस्तयाब किया गया। इसी प्रकार पुलिस थाना कांकरोली के प्रकरण में विगत 6 साल से फरार वांछित ईनामी अभियुक्त उस्मान (55) पुत्र भंवर खान निवासी लाम्बिया रायला पुलिस थाना रायला जिला भीलवाड़ा विगत 6 साल से फरार अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर दौसा से दस्तायाब कर अग्रिम अनुसंधान के लिए थानाधिकरी पुलिस थाना कांकरोली को सुपुर्द किया गया। जिनसे अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन में नियुक्ति पत्र पाकर खिले नवकार्मिकों के चेहरे



● भीम विधायक हरिसिंह रावत और राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

● प्रतिभावान बच्चों को सौंपे टैबलेट

**राजसमंद(पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित अणुव्रत विश्व भारती सभागार में भीम विधायक हरिसिंह रावत, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी एवं जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी के आतिथ्य में गुरुवार को युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 334 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसके साथ ही राज्य सरकार की ओर से कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट वितरित किए गए। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर में आयोजित राजस्थानी समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। जिसे सभी उपस्थित लोगों ने बड़े उत्साह के साथ देखा। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम बृजेश गुप्ता, सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। राज्य स्तरीय समारोह में राज्यभर में 125000 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। 75325 विद्यार्थियों को टूल किट, 23100 को टेबलेट, 21000 बालिकाओं को स्कूटी वितरित की गई। इस उत्सव का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करना और विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी के प्रति प्रेरित करना था।

## संक्षिप्त खबरें...

### मौन एकादशी पर हुए विविध तप तपस्या



**भूपालसागर ।** मेवाड़ के शंखेश्वर श्री करेड़ा पार्श्वनाथ जैन तीर्थ के पवित्र प्रांगण मे उपधान तप की आरधना में परम् पूज्य आचार्य निपुण रत्न सूरीश्वर जी महारसा ने फरमाया जीवन मे नमस्कार की साधना से कदम कदम पर चमत्कार निर्मित होते है तीर्थ भूमियों पर भक्ति भाव से निरंतर की जारही आराधना चारो तरफ क्षेत्र की पवित्रता बढा रही है । पौषधव्रत में मौन एकादशी की आराधना करते हुए अनेक आत्माओ ने सम्पूर्ण मौनव्रत रखा ठंडी के अंदर तप करते हुए सभी क्रिया उत्साह से करने पर तीव्र कर्म निर्जीरा होती है आगामी 14दिसम्बर को तीर्थ पर मेवाड़ क्षेत्र के सभी श्वेताम्वर मूर्ति पूजक जैन श्री संघो का स्नेह मिलन रखा है उसमे सुबह स्नात्र पूजा दोपहर मे अधिवेशन सांयकालीन भक्ति संध्या होंगी जिसमें दीपक करणपुरिया संगीतकार अपनी मधुर आवाज से दादा के समक्ष भजनों से रिझाएंगे इस कार्यक्रम मे और भी अनेकविशिष्ट लोग आमंत्रित रहेंगे साथ ही मेवाड़ के सभी संघ 15 दिसम्बर को तीनो तीर्थो के प्रतिष्ठा निमित्त जाजम का आयोजन रखा है जिसमे प्रतिष्ठा संबंधी सभी लाभ दिए जायेंगेसाथ ही उपधान के तहत रोजाना तीर्थ पर अलग अलग श्री संघ के महिला मंडलो द्वारा स्नात्र पूजा पंच कलयाणक पूजा स्तवनो के द्वारा कराई जारही है रोजाना मेवाड़ क्षेत्र से महिला मण्डल करेड़ा तीर्थ पर आ रही है।

### श्रीमद्भगवद्गीता जयंती का शुभारंभ किया



**भूपालसागर ।** जाने क्या जादू भरा हुआ, भगवान तुम्हारी गीता में।, मन चमन हमारा हरा हुआ, श्री कृष्ण तुम्हारी गीता में। इस गीत की पंक्तियों के सामूहिक समवेत गायन से मां गायत्री गुरुकुलम् उच्च प्राथमिक विद्यालय श्री उदय पैलेस गायत्रीनगर भूपाल सागर में नन्हे मुन्ने बाल गोपालों ने श्रीमद्भगवद्गीता जयंती का शुभारंभ किया इससे पूर्व एक ऊंचे आसन पर अर्जुन एवं भगवान श्री कृष्ण के श्री चित्र पर माल्यार्पण एवं छत्रधारण कर निकट ही श्रीमद्भगवद्गीता को विराजमान किया गया धूप दीप प्रज्वलित किया। फिर प्रारंभ हुआ भगवान श्री कृष्ण के हृदयामृत एवं श्री मुख के गीत गीता जी के श्लोकों का सामूहिक गायन इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार सोनी प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुरेखा सिंह राघव, कविता सुखवाल कांता गर्ग, फरजाना मिर्जा ,सपना सोनी, कुसुम गोड़ ने गीता के ज्ञान को सरलतम भाषा में बच्चों के सम्मुख रखा। गीता जी का ज्ञान वृद्धावस्था में ही मुक्ति पाने हेतु ही नहीं है गीता जी के ज्ञान की तो बाल्यकाल से ही हम सभी को आवश्यकता है। अतः हम सभी राजस्थान सरकार से निवेदन करते हैं कि विद्यालय पाठ्य' म में गीता ज्ञान प्रारंभ करे । चांदनी सोनी, ममता सोनी, सपना कुंवर ,रीना कुंवर ,श्वेता गोयल, शारदा सेन, रेखा माली ने प्रसाद वितरण एवं प्रबंधकीय व्यवस्थाओं में सहयोग किया आगंतुक सभी अभिभावकों एवं नगर के गणमान्य जनों में हर समय गीता ज्ञान उपलब्ध रहे इसके लिए जेब में रखी जा सकने वाली गीता जी का प्रसाद रूप में वितरण किया गया।

### ब्लांक स्तरीय व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास सामग्री कीट वितरण



**आमेट।** पीएम श्री राउमावि आमेट के प्रार्थना सभागार मे ब्लॉक स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास सामग्री कीट वितरण समारोह आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि तहसीलदार आमेट देवीलाल गर्ग थे !कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम श्री राउमावि आमेट के प्रधानाचार्य देवीलाल खटीक ने की। प्रभारी राखी आर्य ने कार्यक्रम का संचालन किया। अतिथियों का तिलक ओर इकलाई से स्वागत व आभार प्रदर्शन प्रकाश चंद्र प्रजापत प्राध्यापक ने किया।अतिथियों ने अपने उद्बोधन में व्यावसायिक शिक्षा का महत्व बताया।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य देवीलाल खटीक ने बालको को अधिकाधिक भागीदारी करने पर जोर दिया।इस अवसर पर मोना रावत,कर्णिका,सुचित्रा आदि उपस्थित थे।

### आज 6 घंटे बिजली बंद रहेगी

**आमेट ।** शुक्रवार को 132 केवी सालमपुरा पर आवश्यक रखरखाव के कारण 33/11 केवी सब स्टेशन, ढेलाणा, 33/11 केवी सब स्टेशन, तानवान, 33/11 केवी सब स्टेशन, गुगली, 33/11 केवी सब स्टेशन,जैतपुरा, साथ ही 33/11 केवी सब स्टेशन,सालमपुरा, से निकलने वाले 11 के.वी. आगरिया, घोसुण्डी, शान्तिनाथ, हवाला से जुडे सभी गांवों एवं ओद्योगिक क्षेत्र की विद्युत सप्लाई प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक बन्द रहेगी। यह जानकारी विधुत विभाग के सहायक अभियंता उमेश कुमार दुबे ने दी।

### मरूधरा ग्रामीण बैंक ने महिला की मृत्यु पर परिजनों को 2 लाख की दावा राशि दी




**आमेट ।** शाखा राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक आमेट से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा में बिमित श्रीमती टीना देवी रेगर निवासी जिलोला की मृत्यु होने पर दावा राशि 2 लाख का भुगतान चेक द्वारा उनके नॉमिनी पति देवीलाल रेगर को शाखा प्रबंधक के द्वारा किया गया । इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विवेक तिवारी, अधिकारी नरेन्द्र सिंह राजावत, देवेन्द्र सालवी, पूजा मेहरडा, स्नेहा दिगंबर वासनिक, कार्यालय सहायक हरि मोहन मीणा तथा सुखी देवी राजपूत व केसर सिंह सिसोदिया उपस्थित थे।

### रोजगार कौशल किट वितरण समारोह

**आमेट ।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आगरिया में रोजगार कौशल किट वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह प्रधानाचार्य सुमन प्रकाश पालीवाल की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार सिंघल प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कराया गया। समारोह में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त रोजगार कौशल किट बालकों को बांटे गए। मुख्य अतिथि ने अपने उत्पादन में बच्चों को हुनर विकसित करने के लिए लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी । स्थानीय विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी आईटी और हेल्थ के ट्रेड में रोजगार कौशल का अध्ययन कर रहे हैं । समारोह में रमेश कुमार चाहर, हंसराज, मीनाक्षी यादव, लोकेश सोनी, नारायण लाल कुमावत,अरुण भाटी, नरेश गुर्जर, पूजा शेट्टी, शंभू लाल,विद्या शर्मा, विजयलक्ष्मी पारीक, अलका दाधीच,सरोज शर्मा,मंजू सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे। समारोह का संचालन सदीक मोहम्मद नीलगर ने किया।

# भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री राजे एक दिवसीय दौरे पर पहुंची निम्बाहेड़ा

# जेके सीमेंट के स्वर्ण जयंती महोत्सव पर आयोजित अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ में दी पूर्णाहुति

## विधायक कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने हेलीपैड पर किया स्वागत





**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया 12 दिसंबर, गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर निम्बाहेड़ा पहुंची, इस दौरान पूर्व सीएम राजे ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा जे.के. सीमेंट के स्वर्ण जयंती महोत्सव में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने पर जे.के. सीमेंट प्रबंधन द्वारा सात दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को जे.के. सीमेंट एल.के. सिंघानिया स्कूल के खेल मैदान में आयोजित किए जा रहे अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ के अंतिम दिन भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सीएम श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पूर्णाहुति दी। पूर्व सीएम श्रीमती राजे ने अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पूर्णाहुति एवं महाआरति के पश्चात यज्ञशाला की परिक्रमा कर देश में खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व यज्ञशाला पर पहुंचने पर पूर्व सीएम राजे का जे.के. सीमेंट समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया एवं निधिपति सिंघानिया ने बुके भेट कर श्रीमती राजे का स्वागत किया। इस दौरान श्रीमती राजे के साथ पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट, पूर्व जिला अध्यक्ष रतनलाल गाड़री, भूमि विकास बैंक चैयरमेन बद्रीलाल जाट सिंहपुर, सहकारी उपभोक्ता भण्डार अध्यक्ष सुरेश झंवर, भाजपा नेता श्रवण सिंह राव, जिला प्रमुख भूपेन्द्र सिंह बडौली, निम्बाहेड़ा पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री एवं जिप सदस्य गब्बर सिंह अहीर, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, पूर्व प्रधान महावीर सिंह कृष्णावत, पूर्व सरपंच डालचंद जणवा, प्रहलाद साहू, छोटीसादड़ी पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष रमेश गोपावत, जिप सदस्य दलपत मीणा, विक्रम कुमात, अमृत कुमावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख, प्रदीप मोदी, जिला उपाध्यक्ष र|श छाजेड़, सुरेश खेरोदिया, विशाल सोनी, गजेन्द्र नवलखा, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, निलेश मेहता, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, शेलेन्द्र पाटीदार, राजेश जैन, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वर्षा कृपलानी, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष लाला दशोरा, एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय बैरवा, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष शैलेष अहीर, भाजयुमो नगर महामंत्री आशीष टांक, चिराग मंत्री, कैलाश सिंह झाला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कैलाश जाट, विनोद अहीर, विनोद धाकड़, अंतरिक्ष साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदादिकारी कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जे.के. सीमेंट समूह के अजय सरावगी, डॉ. कौस्तुभ दाधीच, अनुज खण्डेलवाल, यज्ञेश गुप्ता, अंदलीप जैन, अनिल बडगोतरी, पुष्पराज सिंह, आशीष श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, निम्बाहेड़ा यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल, एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा, टेक्निकल हेड राजेश सोनी, कमर्शियल हेड अजय गर्ग, माइंस हेड यतेंद्र शर्मा सहित कई अधिकारीगण भी मौजूद रहे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय विद्यालय के खेल मैदान पर प्रातः 11.30 बजे पूर्व सीएम श्रीमती राजे के पहुंचने पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के सानिध्य में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपरना ओढाकर, गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव, कोतवाली थाना पुलिस अधिकारी रामसुमेर मीणा, सदर थाना अधिकारी संजय शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता पवन सेठिया सहित जे.के. सीमेंट के कई अधिकारी गण मौजूद रहे।

**राजमाता सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन**

गुरूवार को निम्बाहेड़ा पहुंचने पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने हैलीपेड के समीप स्थित राजमाता विजया राजे सिंधिया उद्यान में राजमाता की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका की ओर से गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। राजमाता सिंधिया के माल्यार्पण के पश्चात उद्यान का अवलोकन कर विधायक कृपलानी ने विकास कार्यो के बारे में जानकारी ली।

# गादरोला में पूर्व चयन ट्रायल एवं कैंप का आयोजन



**आमेट (पुकार) ।** समीपवर्ती ग्राम गादरोला में पूर्व चयन ट्रायल एवं कैंप 68 वी 14 वषिय नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। शिवराधिपति गिरिराज डाकोत व राधेश्याम आच्छेरा ने बताया कि 68 वी नेशनल 14 वर्षीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली में होने जा रहा है। इससे पूर्व खिलाड़ियों का चयन दिनांक 8 व 9/12/24 को हुआ। जिसमें जिला स्तर से चयनित पूरे राजस्थान से कुल 21 खिलाड़ी चयन ट्रायल में आए इनमें से चयन कमेटी द्वारा वजनवार 11 खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये 11 खिलाड़ी दिनांक 10 /12/ 24 से 14/12/24 तक प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट के खेल मैदान में अपने पूरे दमखम से बीकानेर से आए हुए प्रशिक्षक कोच नरेंद्र व भारत सिंह द्वारा दोनों समय सुबह शाम खिलाड़ी यश कुमार पारथ गिरनार क्षत्रपाल सिंह जयन अनिराज चौधरी वंश सुरा उत्कर्ष शर्मा जागत देववर आयुष शुरा विष्णु सिंह साहिल चौधरी सभी अपने पूरे दम खम से प्रशिक्षण प्राप्त कर विभागीय समय अनुसार आयोजित होने वाली दिल्ली में 68वी नेशनल प्रतियोगिता मे भाग लेंगे । इस कैंप की समस्त व्यवस्थाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका शारीरिक शिक्षक राधेश्याम आच्छेरा,सुरेंद्र कुमार चरनाल,अरविंद विश्नोई, तोफिक आलम, यशवंत कुमार, कुलदीप पारीक, राहुल कुमावत दें रहें हैं।

## तेरापंथ सभा भवन में आज नवीन डिजिटल भू अभिलेख कैंप का आयोजन

**आमेट ।** मुख्यमंत्री के द्वारा तहसील आमेट के सर्वे रिसर्वे कार्य उपरान्त नवीन डिजिटल भू-अभिलेख को दिनांक 13. दिसम्बर.2024 शुक्रवार को आमजन को समर्पित किया जायेगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम प्रसारण हेतु तेरापंथ समा भवन आमेट में प्रातः 10.30 बजे से कैम्प का आयोजन किया जायेगा एवं एलईडी के माध्यम से जनप्रतिनिधियों,ग्रामीणों, काश्तकारों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रसारण किया जायेगा। कैम्प में आमेट तहसील के तैयार नवीन रिकॉर्ड को ई-घरती एवं भू-नक्शा पोर्टल पर LED Screen के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा तथा इच्छुक काश्तकार को जमाबंदी व नक्शे की प्रति वितरित की जायेगी। तथा जनप्रतिनिधिगण व काश्तकारों को आमंत्रित किया जाकर सर्वे रिसर्वे प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी भू-प्रबंध एवं राजस्य कार्मिको द्वारा प्रदान की जायेगी। तथा एलईडी स्क्रीन पर सीएम किसान सम्मेलन का लाईव प्रसारण प्रदर्शित किया जायेगा। एवं भू-प्रबन्ध विभाग द्वारा तैयार की गई विडियों डॉक्यूमेन्ट्री प्रदर्शित की जायेगी। तथा कार्यकारी संस्था द्वारा नक्शा, सर्वे / रिसर्वे गाईडलाइन की एक एक प्रति एवं डीजीपीएस मशीन को भी रखा जायेगा।

# ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का अयोजन



**भूपालसागर (पुकार) ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कला,संस्कृति में युवाओं को मौका देने व प्रतिभाओं को निखारने के लिए ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव 2024 कार्यक्रम में बतौर मुख्य क्षेत्रिय विधायक अर्जुन लाल जीनगर रहे वंही अध्यक्षता प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत की रही साथ ही विशिष्ट अतिथि में भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश मेनारिया, उपप्रधान प्रतिनिधि देश राज गुर्जर, सरपंच प्यार चंद भील रहे। इस कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी पीईईओ के सहयोग से कार्यक्रम हेतु 629 रजिस्ट्रेशन हुए। इस कार्यक्रम में 5 थीम में 13 गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य सचिव कार्यवाहक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण सिंह चूंडावत थे। कार्यक्रम में राजस्थानी एवं भारतीय संस्कृति से संबंधित डिजिटल स्किल,समूह नृत्य,एकल नृत्य,समूह गायन,एकल गायन एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। । अंत में ब्लॉक बीआरपी ओमप्रकाश खटीक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अनोपपुरा विद्यालय के छात्र मनीष गाडरी ने मावली क्षेत्र की घटना पर कविता पाठ किया जिससे सब को जकजोर दिया इसके साथ ही एक बालक ने विधायक अर्जुन लाल जीनगर का हुबहू छाया चित्र बनाकर दिया जिस पर अतिथियों ने 1100 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मेरी मां कितनी रोई होगी देख कर मेरे टुकड़े वो कैसे रोई होगी । राखी के दिन मेरा भैया किससे राखी बंधवाई होगी। ऐक बालिका ने अपनी कविता से कहा भारत को विकसित होना अभी समय बाकी हे,में मेरी कविता को यही समाप्त करती हु अभी और भी प्रतिभोओ को बोलना बाकी हे। मेरे पिता ने खाना खाते किससे नमक मंगवाया होगा ये सब देख मेरी मां कितनी रोती होगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश मेनारिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सरकार के मार्फत विधायक जीनगर द्वारा शिक्षा के प्रति खुले मन से घोषणा कर शीघ्र ही कार्य पूरा करते हे इसके लिए क्षेत्र की जनता ने सरपंच से लेकर केंद्र सरकार तक कड़ी से कड़ी जोड़ी इसका ही नतीजा है जो कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही होती कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भगवान लाल, लादूलाल प्रजापत, महामंत्री अशोक कुमार चपलोत, उपसरपंच विजय कुमार अग्रवाल,क्षजिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजवीर सिंह,भाजपा मंडल के रौनक सोनी, ओम प्रकाश शर्मा,निर्भय सिंह चुंडावत,राजू साहू, राजेन्द्र चंडालिया,अंकुर जोशी,दिनेश अग्रवाल सहित कई जन प्रतिनिधि व अभिभावक मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पीईईओ कन्हैया लाल मेनारिया,अशोक रैगर,जगदीश द्विवेदी,मुश्ताक अहमद शाह, तथा पूर्व बीआरपी मुरलीधर शर्मा मौजूद थे। इस कार्यक्रम में निर्णायक का कार्य भगवान लाल बैरवा,लव कुमार, भोलाराम सैनी,कालूराम गाडरी,विजय सिंह,रवि कुमार,बंशीलाल लोहार,दिनेश नागर ,प्रमोद सैनी,गीता सैनी,सुनीता निर्वाण ,उपासना गुर्जर,प्रकाश खोवाल थे। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण भट्ट,संपत लोहार एवं हर्षिता गौतम ने किया ।

# रन फॉर विकसित राजस्थान रैली में दिखा प्रतिभागियों का उत्साह

**सलूंबर (पुकार) ।** वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत गुरुवार सुबह रन फॉर विकसित राजस्थान रैली से हुई। सलूंबर बस स्टैंड से रवाना हुई रन फॉर विकसित राजस्थान रैली में प्रतिभागी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीणा एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश के विकास के साथ युवाओं, महिलाओं एवं किसानों के सपनों को साकार करने में जुटे है। राइजिंग राजस्थान के जरिए प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीणा में रन फॉर विकसित राजस्थान के विजेताओं को सम्मानित करते हुए यह बात कही। विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने कहा कि रन फॉर विकसित राजस्थान के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनके कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है। खेल अधिकारी ने बताया कि रैली में छात्र वर्ग में मोहित सिंह झाला पहले, गगनदीप दूसरे और शंकर तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह छात्रा वर्ग में सूर्या मीणा पहले, अनीता कुमारी मीणा दूसरे और प्रेम लता मीणा तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह जिला स्तरीय अधिकारीगण में डॉ जितेन्द्र जोशी पहले, डॉ हरिकेश मीणा दूसरे और दीपक कुल्हार तीसरे स्थान पर रहे। सलूंबर बस स्टैंड से रवाना होकर रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जिला परिवहन कार्यालय पहुंची। इस अवसर पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू,एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार सहित भाजपा के जनप्रतिनिधिगण,पुलिसकर्मी, विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे। यातायात पुलिस द्वारा रैली संचालन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं की गई।

# राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



**सलूंबर (पुकार) ।** राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को सलूंबर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों का आगाज रन फॉन विकसित राजस्थान से हुआ वहीं मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में आयोजित किया गया। इसके साथ ही पंचायत समिति सभागार में विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन का आयोजन हुआ।

**कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम**

कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में जोधपुर से विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में आयोजित किया गया,जिसमें राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित किया गया। जिला प्रशासन और चिकित्सा विभाग की ओर से जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार उत्सव के तहत गुरूवार को जिले के विभिन्न विभागों के 58 युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र जारी किए गए । कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा,विधायक शांता अमृत लाल मीणा,पूर्व प्रधान कन्हैयालाल मीणा,सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और जिला प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी,जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, सीएमएचओ डॉ संपत लाल मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। नियुक्ति पत्र में सबसे अधिक चिकित्सा विभाग के 43 कार्मिक रहे। कार्यक्रम को राज्यस्तरीय से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, एसीएस गायत्री राठौड़ ने संबोधित किया। चिकित्सा विभाग की टीम ने उपस्थित हुए युवाओं को स्वागत कीट दिया, जिसमें मुख्यमंत्री का बधाई संदेश भी शामिल था। जिसे पड़कर युवाओं में खुशी दिखाई दी साथ ही युवाओं ने एक दूसरे को बधाई दी। सीएमएचओ डॉ सम्पत लाल मीणा ने बताया कि कीट में लोक दायित्व को लेकर आईईसी की ओर से तैयार की गई बुक लेट भी दी गई है। समारोह का संचालन राजेन्द्र वर्णोती एवं चंद्रवीर सिंह भाटी ने किया। वीसी कक्ष गुरुवार को सुबह में ही खचाखच भर गया। युवाओं के साथ उनके अभिभावक भी दिखाई दिए। नियुक्ति पत्र को लेकर उत्साह दिखा।

**पंचायत समिति सलूंबर सभागार में विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन**

राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रभारी मंत्री श्री हेमन्त मीणा द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री के साथ उपस्थित अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सहित जिले भर में हुए विकास कार्यो की जानकारी ली। प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात् पंचायत समिति सलूंबर सभागार में ही जिला प्रशासन,सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सलूंबर द्वारा प्रकाशित जिला विकास पुस्तिका का विमोचन जिला प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जिसमें जिला प्रभारी मंत्री श्री हेमंत मीणा के साथ ही सलूंबर जिले की विधायक शांता अमृत लाल मीणा,प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी,जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, सहित अतिथियों द्वारा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। समारोह का संचालन राजेन्द्र वर्णोती ने किया। उक्त समस्त कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, विधायक शांता अमृत लाल मीणा, जिला प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी,जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, पीआरओ पुष्पक मीणा, पूर्व प्रधान कन्हैयालाल मीणा,देहांत उपाध्यक्ष कैलाश गांधी, देहांत उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र मेहता, मंडल अध्यक्ष भूरा भाई पटेल, मंडल उपाध्यक्ष नारायण सिंह चुंडावत, खरका उपसरपंच नारसिंह नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता प्रभु लाल जैन,पंचायत समिति प्रतिपक्ष नेता सोहनलाल चौधरी, सुनील चाष्टा, दुष्यंत भट्ट,अमृत प्रजापत,नगर परिषद पार्षद महिपाल जैन, गिरीश पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# रन फॉर विकसित राजस्थान के साथ हुआ आगाज

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में जिले में 278 नव चयनित, तीन हजार साईकिल, 580 टैबलेट, वोकेशनल टूल किट से लाभान्वित

**डूंगरपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर होने वाले विविध कार्यक्रमों का 'रन फॉर विकसित राजस्थान' के साथ आगाज हुआ। इसके पश्चात राज्य स्तर से वर्चुअल प्रसारण में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश भर के नव चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये तथा उनसे संवाद भी किया। इसके साथ ही शिक्षा विभाग योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं को साईकिल वितरण, पात्र विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण तथा वोकेशनल किट वितरण आदि अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा देश की रीढ़ है और राज्य सरकार प्रदेश में निवेश लाकर युवाओं की असीम शक्ति, अनन्त उर्जा को अवसर देना चाहती है जिससे रचनाधर्मी, नवाचारी, सृजनशील युवा प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें।

278 नव चयनित हुए लाभान्वितः मुख्यमंत्री ने भावेश प्रजापत से किया संवाद जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में सागवाड़ा विधायक शंकरलाल डेचा, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, नगर परिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, पूर्व सांसद कनकमल कटारा, पूर्व राज्य मंत्री सुशील कटारा, समाजसेवी हरीश पाटीदार, बंशीलाल कटारा, जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़, जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शंकर डेचा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता को निभाया है। उन्होंने कहा कि सरकार आगे के वर्षों में भी किए गए संकल्पों को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है तथा इस एक वर्ष में महत्वपूर्ण निर्णय एवं प्रभावी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुशील कटारा ने सभी नव चयनित को बधाई देते हुए सेवा भाव, पुणे जिम्मेदारी और कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने की बात कही जिससे कि अन्य को भी प्रेरणा प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों के माध्यम से भी रोजगार देने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर जिला प्रमुख सूर्या अहारी ने नव चयनित को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि आने वाली समय में भी सरकार द्वारा विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस मौके पर नगरपरिषद् सभापति अमृतलाल कलासुआ ने कहां कि राज्य सरकार ने पारदर्शिता के साथ युवाओं को रोजगार देने के संकल्प को निभाया है।


डूंगरपुर। कार्यक्रम में संबोधित करतें विधायक डेचा, उपस्थित अधिकारी एवं युवा तथा लाभान्वित बालिकाओं को साईकिल वितरित करतें अतिथिगण। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

## संभाग स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन आज

**सीमलवाड़ा (पुकार)।** 51 वी मण्डल उदयपुर संभाग स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक . कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 का दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वागड सेंट्रल पब्लिक माध्यमिक स्कूल धम्बोला में गुरुवार को उद्घाटन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रणछोड लाल डामोर व अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमलवाडा लक्ष्मण लाल डामोर, विशिष्ट अतिथि उपजिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा मोहम्मद तसलीम, गोवर्धन लाल खटीक, एसीबीईओ धनपाल भोई, मनोज कलाल रहे। सर्व प्रथम माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का आयोजक संस्था प्रधान नरेश कुमार कलाल व मंत्रालयिक कर्मचारीयो ने अभिनंदन किया। स्वागत उद्बोधन आयोजक संस्था प्रधान नरेश कुमार कलाल ने दिया।

सीबीईओ लक्ष्मण लाल डामोर संबोधित करतें हुये कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले। मुख्य अतिथि रणछोड़ लाल डामोर ने प्रतिभागियों के कार्य करने की क्षमता की तारिफकी ओर कहा कि इनके बिना कार्यालयों की गतिविधियां आगे बढ़ नहीं सकती, उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करे। साथ ही मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता उद्घाटन की घोषणा की । मुख्य निर्णायक लक्ष्मण लाल डेण्डोर ने सभी प्रकार के खेलो व मैदान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बांसवाड़ा के दिग्पाल सिंह सिसोदिया ने बांसुरी से सभी का मन मोह लिया वहीं आयोजक स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत नृत्य किया गया।


प्रतियोगिता शुभारंभ समारोह में मौजूद संभागीय कर्मचारी। गुणवंत कलाल

## मुस्लिम समाज का सामुहिक विवाह 29 कों, 34 जोडे करेंगे निकाह

### विवाह समारोंह को लेकर पोस्टर का हुआ विमोचन

**डूंगरपुर(पुकार)।** सेहरी वेल्फेयर सोसायटी व पंच मोड़ासियान द्वारा इस साल होने वाले इज्तेमाई शादी का पोस्टर विमोचन चिश्तिया पब्लिक स्कूल सीरत कमेटी में किया गया। शहर में मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह कार्यक्रम 29 दिसंबर को होगा। इसमें मुस्लिम समाज के 34 जोडे निकाह कबूल करेंगे। इसे लेकर मुस्लिम समाज तैयारियों में जुट गया है। सेहरी वेलफेयर सोसायटी और पंच मोडासियान की ओर से सामूहिक विवाह को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। सामूहिक विवाह में 34 जोडों ने पंजीकरण किया हैं। शहर काजी मुहम्मद अतहर जमाली और अंजुमन सदर अंसार अहमद की सहारत में कार्यक्रम होगा। शादी के लिए मुस्लिम समाज की ओर से घाटी स्थित निसार ए हाली स्कूल का चयन किया गया है। इसमें उदयपुर, अहमदाबाद, मोडासा, बांसवाडा के लोगों ने पंजीकरण किया।


डूंगरपुर। इज्तेमाई शादी के पोस्टर विमोचन करते समाज के पंच एवं पदाधिकारी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# विद्यालय में आयोजित हुई स्वच्छता की पाठशाला

- दिलाई स्वच्छता की शपथ, दिया रोगो से बचाव का संदेश
- स्वच्छता हेतु आमजन को करे जागरूक- सभापति

**डूंगरपुर(पुकार)।** मेरा शहर, मेरा गांव और मेरा देश स्वच्छ एवं सुन्दर रहे उस उद्देश्य से गुरुवार को शहर के सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

नगर परिषद के सभापति अमृत कलासुआ और स्वच्छ्ता कमेटी की टीम डायालाल पाटीदार, राजेश रोत, कांतिलाल कोटेड,मोहनलाल यादव एवं विद्यालय से फादर संजय, सिस्टर पुष्पा, भरत रोत, सुनीता वैष्णव, फैयाज अहमद एवं परिषद् से सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत मौजूद रहें।

विद्यार्थियो ने नृत्य, व नाटकों के माध्यम से स्वच्छ्ता के महत्व को दर्शाया जिसके अंतर्गत आम तोरपर होने वाली बीमारिया हैज़ा, टाइफाइड, उल्टी-दस्त, पेट में कीड़े लगना, मलेरिया, डेंगू, पीलिया, वायरल बुखार जैसी बीमारियां गन्दगी से होती है। स्वस्थ्य शरीर के वातावरण शुद्ध होना जरुरी है सभापति ने कहां की बच्चे विद्यालय से सीखकर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करते है, स्वच्छता हेतु जन जागरूकता की सबसे महत्ती जरूरत है इसको स्वभाव में लाकर बच्चो के संस्कारों में पिरोना है हमे। बच्चों में स्वच्छता को लेकर काफी लगाव और उत्साह है क्योंकि वह जानते है स्वच्छता आज के जीवन में कितनी जरूरी है, स्वच्छता के साथ साथ जो घरों से वेस्ट निकलता है उसका भी किस तरह से उपयोग किया जाए वह भी इन्हे भली भांति ज्ञान है, निश्चित रूप से आज के बच्चे जान चुके है कि आने वाला वक्त वेस्ट से बेस्ट का ही है। उन्होने बालको से अपने विद्यालय और निवास स्थान के आसपास स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही गंदगी फैलाने वाले लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभापति ने सभी बच्चों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।


डूंगरपुर। शहर के सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में स्वच्छता की शपथ दिलाते सभापति कलासुआ।-फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# ब्राउन शुगर तस्करी मामले में स्कूटी ऑनर महिला गिरफ्तार

### 2 तस्करों से 15.53 ग्राम की थी बरामद

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी में इस्तेमाल की गई स्कूटी के मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी करते 2 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया था। पुलिस ब्राउन शुगर तस्करी के बारे में जांच कर रही है।

कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 9 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर नया बस स्टैंड के पास नाकाबंदी करवाकर एक स्कूटी को रुकवाया। स्कूटी सवार थाने के 2-2 हजार रुपए के इनामी आरोपी ओम प्रकाश उर्फ ओमिया पुत्र राजू रोत निवासी नवाडेरा आकाशवाणी के पीछे और पप्पू उर्फ पप्पुड़ा पुत्र रतनलाल डामोर निवासी फतेहपुरा स्कूटी लेकर जा रहे थे। स्कूटी की तलाशी के दौरान 15.53 ग्राम ब्राउन शुगर मिली थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था,लेकिन पुलिस मामले में स्कूटी मालिक की तलाश कर रही थी। पुलिस ने मामले में आरोपी स्कूटी मालिक महिला सूरज देवी डामोर निवासी फतेहपुरा डूंगरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ब्राउन शुगर की डूंगरपुर तक तस्करी में शामिल अन्य लोगों को लेकर पूछताछ कर रही है।


ब्राउन शुगर तस्करी मामले में पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

# उज्बेकिस्तान में भगवान परशुराम की गूँज

**डूंगरपुर(पुकार)।** डूंगरपुर ब्रह्मस्थली कॉलोनी निवासी दिल्ली में हिन्दी की सहायक प्रो. डॉ हर्षा त्रिवेदी इन दिनों उज्बेकिस्तान दौरे पर हैं। उन्हें लेक्चर हेतु अल्फ़्रैगेनस यूनिवर्सिटी,ताशकंद में आमंत्रित किया गया है। गुरूवार को डॉ हर्षा ने भारतीय राजदूतावास में प्रमुख अधिकारियों से सौजन्य भेंट की। इसीक्रम में उन्होंने संस्कृति निदेशक सितेश कुमार से मुलाकात कर उन्हें इंडियन सोसायटी फॉर परशुराम कोंशंसनेस द्वारा प्रकाशित भगवान परशुराम पुस्तक भेंट कर इस्पेक की गतिविधियों से अवगत कराया। डॉ हर्षा ने अल्फ़्रैगेनस यूनिवर्सिटी के कुलपति मोहम्मद इस्माइल, ओरियंटल यूनिवर्सिटी की डीन निलोफर मैडम को भी यह पुस्तक भेंट की। यही नहीं डॉ त्रिवेदी ने आज ताशकंद के राष्ट्रीय टीवी चैनल को दिये गये। लाइव इंटरव्यू में भी विप्र फाउंडेशन का उल्लेख कर स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित किया।


डूंगरपुर। भारतीय राजदूतावास में प्रमुख अधिकारी से प्रो.डॉ हर्षा त्रिवेदी भेंट करते। फोंटोः पुकार

# जिला परिषद सीईओ राठौड़ मेप के माध्यम से मनरेगा कार्य स्थल पर

**डूंगरपुर(पुकार)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ बुधवार को ग्राम पंचायत साबला पंचायत समिति साबला के लाईन विभाग जल संसाधन के वर्तमान पखवाड़े में प्रगतिरत कार्य जंगल सील्ड सफाई कार्य एबीसी 980 से 1150 पर गुगल मेप के माध्यम से पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 01 मस्टररोल पर कुल 10 श्रमिक नियोजित थे। एनएमएमएस एप के माध्यम से 10 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की हुई थी,लेकिन वक्त निरीक्षण कार्य स्थल पर केवल 02 श्रमिक ही उपस्थित मिले। एनएमएमएस फोटो में दो नाबालिग श्रमिको का फोटू एवजी श्रमिकों के रूप मे लिया गया था। कार्यस्थल पर मेट से श्रमिको के बारे मे पुछने पर मेट द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। जिस पर जिला परिषद सीईओ ने कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति साबला को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के बाद जिला परिषद सीईओ राठौड़ ने ग्राम पंचायत साबला के ग्राम विकास अधिकारी मधुसूधन पारीख को उनके कनिष्ठ सहायक के साथ महात्मा गांधी नरेगा रिकोर्ड को लेकर पंचायत समिति कार्यालय अविलम्ब उपस्थित होने के निर्देश प्रदान किए गए। जिला परिषद सीईओ राठौड़ ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ग्राम पंचायतों मोवाई पूंजपुर मेन रोड़ के आसपास बहुत ज्यादा पोलीथीन बिखरी हुई थी, जिसके लिए अधिकारी आसपुर को 2 दिवस में साफकरने के निर्देश दिए गए। जिला परिषद सीईओ ने निरीक्षण किया और नाली निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के साथ-साथ आस पास बिखरी पोलीथीन को राजसमंद की तर्ज पर प्लास्टिक की बोतल में भरने ओर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालय की सफाई करने और रोड पर आ रहे पानी का निस्तारण करने के आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित सहायक विकास अधिकारी, सरपंच एवं सचिव को समस्त साफ सफाई को 2 दिवस पूरा करने के लिए निर्देशित किया। पूर्व में किए गए निरीक्षण में पाई गई कमियों पर संबन्धितों के विरूद्व हुई कार्यवाही। जिला परिषद सीईओ श्री राठौड़ ने पूर्व में किए गए ग्राम पंचायत देवल खास के ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक एवं कनिष्ठ तकनीकी सहायक पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाते हुए नोटिस जारी की है।

# स्कूलों में कौशल विकास सामग्री वितरित

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** पीएम श्री मणिलाल पंड्या राउमावि सीमलवाड़ा में व्यवसायिक शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय विद्यालय में दो ट्रेंड संचालित किया जा रहा है।

ब्लॉक स्तरीय कौशल सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कक्षा 10 व 12 बोर्ड के छात्र लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण लाल डामोरए मुख्य अतिथि देवीलाल कलाल पीटीए अध्यक्षए विशिष्ट अतिथि पीटीए उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र पंड्या रहें। स्वागत उद्बोधन स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान अरविंद कुमार अहारी ने दिया। आगंतुक अतिथिओ का स्वागत एवं अभिवादन कर तिलक और माला पहनाकर स्वागत किया। किट का सही इस्तेमाल करने हेतु सुझाव देते हुए सरकारी संपत्ति का संरक्षण करने के निर्देश प्रदान किए ।

सीबीईओ लक्ष्मण कुमार डामोर ने छात्रों को प्रेरणास्पद सिख देते हुए और पढ़ाई की महत्ता को अपने जीवन में उतारने की बात कहीं। बालिका विद्यालय संस्था प्रधान विभा पंड्या ने अनुशासन ही चरित्र निर्माण में सहायक है का संदेश दिया । कौशल प्रभारी कमला कोटेड व्याख्याता ने किट का सही उपयोग करने का सुझाव दिए।

कार्यक्रम का आभार छतर सिंह डामोर ने व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन कांतिलाल डामोर ने किया। दिलीप सिंह चौहानए परेश कुमार बंजारा मौजूद रहे।


सीमलवाड़ा। राउमावि सीमलवाड़ा में कौशल विकास सामग्री वितरित करते हुए अतिथि। गुणवंत कलाल

## निःशुल्क नेत्र कैंप में 135 मरीजों आंखों की जांच

### 27 मरीजों का मोतियाबिंद का होगा आपरेशन

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** चौहान हॉस्पिटल पूनावाडा एवं श्री जलाराम आरोग्य सेवा ट्रस्ट हॉस्पिटल के सयुक्त तत्वाधान में चौहान हॉस्पिटल पूनावाडा में निशुल्क नेत्र कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 135 मरीजों के आंखों की जांच की गई जिसमें मै से 27 मरीजों को शनिवार के दिन निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएग। अस्पताल के प्रबन्धक महेंद्रजीत सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मरीजों के साथ एक परिवार जन को शनिवार के दिन ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा। जहा आना जाना भोजन और मरीजों को चश्मे निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डा जोतराम, पूनावा डॉ सरपंच मनोहर डामोर, राय सिंह डामोर, सरपंच कांतिलाल डामोर, डॉ पुखराज लबाना, प्रकाश खाट, हंसराज सिंह, मनोहर सिंह, महेंद्र सिंह, सुनील भट्ट, अमित सेवक, मुकेश जोशी, सुभाष पंचाल, अमृत डामोर उपस्थित रहे।


सीमलवाड़ा। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### जेपीएल का आगाज 14 दिसम्बर से

**डूंगरपुर(पुकार)।** श्री जैन नवयुवक मण्ड़ल के तत्वावधान मे सकल जैन समाज द्वारा खेली जाने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी 9 दिन तक चलने वाले जैन प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 संस्करण-13 का आयोजन 14 दिसंबर से 22 दिसंबर होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन मे मुख्य अतिथि अंकित कुमार सिंह जिला कलेक्टर विशिष्ठ अतिथि सुशील जैन सचिव जिला क्रिकेट एसोसिएशन, सुरेंद्र दोशी मुख्य प्रायोजक जेपीएल द्वारा प्रतियोगिता का आगाज किया जायेगा। जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष राजेश डेंडू ने बताया की जैन प्रीमीयर लीग-13 जेपीएल का रोमांचक प्रतियोगिता का आगाज स्थानीय लक्ष्मण मैदान मे प्रातः 9 बजे शुरू किया जाएगा जिसमे 8 टीमो के फ्रेंचाइजी व खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन मे 14 दिसंबर शनिवार को पहला मैच श्री अरिहंत रॉयल्स बनाम मनाली लायंस व दूसरा मैच सूर्या सुपर किंग्स बनाम गजराज पेंट्स चेलेंजर्स के बीच खेला जायेगा। आयोजन की तैयारी मे संयोजन एवं अनुशासन समिति की देख रेख मे मैदान, पिच एवं अन्य तैयारी की जा रही हैं। रिजर्व-डे के दिन मास्टर्स मैच प्रस्तावित होगा। महामंत्री सुनील जैन, विवेक दोशी व सूर्याप्रकाश जैन ने बताया की 20 दिसंबर को दो सेमिफाइनल खेले जायेंगे व 22 दिसंबर रविवार को फाइनल मैच खेला जायेगा। 21 दिसंबर रिजर्व डे पर खास आकर्षण जैन समाज के 55 वर्ष से ऊपर के क्रिकेट प्रेमी खिलाड़ियों का मैत्री मैच खेला जायेगा।

### रामकथा के लिए मुरारी बापू को दिया निमंत्रण

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिलें के खडगदा गांव में आगामी 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक राम कथा का आयोजन होगा। गांव के ही श्रीगोवर्द्धन विद्या विहार मंदिर खेल मैदान 9 दिवसीय रामकथा आयोजित होगी। कथा के पहले दिन 28 दिसंबर को भव्य कलश व शोभायात्रा निकाली जाएगी।

राम कथा के निमंत्रण को लेकर खड़गदा गांव से 35 श्रद्धालुओं का जत्था गुजरात के महुआ पहुंचा। रामकथा मर्मज्ञ मुरारी बापू को कथा का निमंत्रण दिया गया। राम कथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री ने मुरारी बापू को मोरन नदी संवर्धन और संरक्षण को लेकर अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। चंद्रेश व्यास ने मुरारी बापू कथा को लेकर किए प्रयासों से अवगत कराया। राम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष ईश्वरचंद्र भट्ट ने बताया कि क्षेत्र की नदियों के संवर्धन और संरक्षण को लेकर रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। रामकथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री होंगे। कथा रोज सुबह 11.30 से दोपहर 3.30 तक होगी। जवाहर जोशी ने बताया कि राम कथा को लेकर देशभर के साधु संतों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। शशिकांत रोहित ने बताया कि कथा से पूर्व कथा स्थल का भूमि पूजन किया जाएगा। चंद्रेश व्यास ने बताया कि संपूर्ण क्षेत्र में जन सहयोग से जल संचय के प्रयोजन को पूरा करने के लिए विराट रामकथा का निर्णय लिया गया था। कथा के मुख्य यजमान मणिलाल जोशी और शोभायात्रा यजमान हरीओम पंचाल होंगे। कथा आयोजन स्थल पर डोम पांडाल लगाया जा रहा है। रामकथा भाई कमलेश भाई शास्त्री ने बताया कि कथा का उद्देश्य सामाजिक समरसता भी है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सब को सजग और जिम्मेदार बनना होगा। इस कथा के माध्यम से यह संदेश सभी को दिया जाएगा। इस दौरान जवाहर जोशी, शशिकांत पुरोहित, गणेशलाल भट्ट, प्रभाशंकर दवे, नरहरि भट्ट, रविशंकर भट्ट, गौरीशंकर भट्ट, नीरज जोशी, उमेश भट्ट, योगेश जोशी, महेंद्र दवे, भानु प्रसाद दवे, अरविंद दवे, बदामीलाल दर्जी, शांतिलाल भट्ट सहित पुरुष-महिलाएं मौजूद रही।

### असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में अब घरेलू सिलेंडर भी आए लपेटे में, आदर्श नगर में 2 घरों से सिलेंडर चोरी

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के आदर्श नगर स्थित दो मकानों के अहाते में पड़े दो गैस सिलेंडर अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गए। घटनाक्रम के अनुसार आदर्श नगर निवासी संजय पुत्र कांतिलाल मेहता के रसोई के बहार सिलेंडर लगा हुआ था और उसी दौरान अचानक गैस चूल्हा चलना बंद हो गया। जिस पर घर में मौजूद लोगों ने बाहर आकर देखा तो सिलेंडर गायब मिला। जब बात आस पड़ोस में फैंली तो अन्य क्षेत्र वासियों ने भी अपने घरों पर छानबीन की तो पता लगा कि धनपाल शाह के मकान पर भी उसी दिन भराया गया सिलेंडर जो कि सीढ़ियों के नीचे रखा हुआ था जो वहा से नदारद मिला। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को भी दी गई। जिन्होंने घटना स्थल पर पहुंच दोनो पीड़ित परिवारों से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि न्यू कॉलोनी क्षेत्र में निर्माणाधीन मकानों से समान चोरी होना तो सामान्य बात सी हो गई थी,लेकिन अब चोर घरेलू सिलेंडरों को भी अपना निशाना बनाने से नहीं चूक रहें है।

### प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी आज आएंगे डूंगरपुर

**डूंगरपुर(पुकार)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग मंत्री राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी 13 दिसम्बर,शुक्रवार को एक दिवसीय जिले के दौरे पर रहेंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने बताया कि प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी 13 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे डूंगरपुर पहुंचेंगे। वे यहां पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन एवं पंच गौरव का शुभारंभ, किसान सम्मेलन तथा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे। इसके पश्चात् वे सायं 3.15 बजे डूंगरपुर से पटली-डैयाना, सागवाड़ा (डूंगरपुर) पहुंचेंगे। वे वहां पर सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे तथा वे वहां से सायं 4.30 बजे पटली-डैयाना, सागवाड़ा, डूंगरपुर से कोटड़ा (उदयपुर) के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री खराड़ी के दौरे के मद्देनजर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, डूंगरपुर के उपायुक्त जिले में आगमन से प्रस्थान तक प्रोटोकॉल एवं लाईजनिंग अधिकारी कार्य संपादित करेंगे। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### युवक से मारपीट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली थाना पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश ने एक राहगीर को रोककर शराब पीने के लिए रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि करण पुत्र भूरा कनीपा निवासी घुघरा ने रिपोर्ट में बताया कि वह गैस कुकर का व्यापार करता है। 12 अक्टूबर को वह साबेला बायपास की ओर जा रहा था। इस दौरान एक कार लेकर 2 व्यक्ति आए और उसे रोककर शराब पीने के लिए रुपए मांगे। रुपए देने मना करने पर कार में बैठा दूसरा बदमाश बेल्ट लेकर आया। उसने उसके साथ बेल्ट से मारपीट शुरू कर दी। इससे उसके शरीर पर कई जगह गंभीर चोंट आई। मारपीट के बाद बदमाश भाग गए। घटना को लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने छानबीन करते हुए राजेंद्र उर्फ राजू माल्या पुत्र नाथू कोटेड़ निवासी घुघरा फला खेड़न माता को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### जिला प्रभारी सचिव डॉ. आरूषि अजेय मलिक दो दिवसीय जिले के दौरे पर

**डूंगरपुर(पुकार)।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा शिक्षा विभाग राजस्थान जयपुर की शासन सचिव एवं जिला प्रभारी सचिव आईएएस डॉ. आरूषि अजेय मलिक 13 एवं 14 दिसम्बर को जिले के दौरे पर रहेगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने जिला प्रभारी सचिव के दौरे के मद्देनजर जल संसाधन विभाग की अधिशाषी अभियंता अश्विनी अहारी को जिले में आगमन से प्रस्थान तक लाईजनिंग अधिकारी का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### समीक्षा बैठक 16 को

**डूंगरपुर(पुकार)।** महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में 16 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिला परिषद के ईडीपी हॉल में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर समस्त सूचनाओं के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

### रक्तदान शिविर 15 को

**डूंगरपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 15 दिसम्बर को जिले में आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में स्वैच्छिक रक्तदान से राज्य में कुल 60 हजार या इससे अधिक रक्त यूनिट्स का संग्रहण करने का लक्ष्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेश पालीवाल 19 वर्ष छात्र वॉलीबॉल के राज्य प्रशिक्षक नियुक्त



**उदयपुर (पुकार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घोड़ान कला (बड़गांव) में शारीरिक शिक्षक व वॉलीबॉल प्रशिक्षक नरेश पालीवाल को 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद वॉलीबॉल 19 वर्ष छात्र का राज्य प्रशिक्षक नियुक्त गया है। शारीरिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर द्वारा 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद वॉलीबॉल 19 वर्ष छात्र वर्ग जो 22 से 26 दिसंबर तक नारायणपेट (तेलंगाना) में आयोजित होगी। राजस्थान की राज्य टीम में भाग लेने से पूर्व चयनित हो चुके 20 खिलाड़ियों में से अंतिम 12 खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रशिक्षण 13 से 14 दिसंबर तक होगा। इसके बाद अंतिम रूप से चयनित 12 चयनित खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व प्रशिक्षण शिविर 15 दिसंबर से 18 दिसंबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरसिंहसर (बीकानेर) में आयोजित होगा। राज्य दल की सहभागिता हेतु चयन परीक्षण एवं पूर्व प्रशिक्षण शिविर के लिए निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर द्वारा आठ सदस्यीय पैनल गठित किया गया है। जिसमे उदयपुर जिले के बड़गांव ब्लाक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घोड़ान कला के शारीरिक शिक्षक व वॉलीबॉल प्रशिक्षक नरेश पालीवाल को मुख्य राज्य प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है । उपनिदेशक खेलकूद माध्यमिक शिक्षा अरविंद कुमार व्यास के आदेश अनुसार 12 दिसंबर को पालीवाल 19 वर्षीय छात्र वॉलीबॉल टीम के अंतिम चयन एवम राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व राज्य टीम को प्रशिक्षण देने बरसीहसर ,बीकानेर पहुंचे । 19 वर्षीय छात्र वर्ग के मुख्य राज्य प्रशिक्षक नियुक्त किए जाने पर नरेश पालीवाल को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घोडान कला के समस्त स्टाफ, जिला वालीबाल संघ उदयपुर, जिला शारीरिक शिक्षक संघ तथा उनके मूल गांव कविता के बजरंग क्लब कविता एवं ग्राम वासियों ने बधाई प्रेषित की।

### जिला सैनिक बोर्ड की बैठक



**उदयपुर (पुकार)।** जिला सैनिक बोर्ड की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर के निर्देशन एवं एडीएम सिटी वार सिंह की अध्यक्षता में कलेट्रेट सभागार में हुई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल के.एस.भाटी [से.नि.] ने बताया की बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।एडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि शहीदों के नाम से स्कूल नामकरण के लम्बित प्रकरण संबंधित कार्यालय को भिजवाएं एवं लगातार फॉलोअप करें। बैठक मे बोर्ड सामाजिक सदस्य एस.एस.रांका, पूर्व सैनिक बी.एस रांका, अभय सिंह, शंकरलाल, अर्जुन खराडी, भँवरलाल, नवल सिंह, अनोपसिंह, गोविन्द सिंह एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी भँवरसिंह, वरिष्ठ सहायक बसन्ता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### कल्लाजी बावजी के पाटोत्सव के पोस्टर का विमोचन



**उदयपुर (पुकार)।** श्री श्री 1008 कल्लाजी राठौड़ के शुक्रवार को होने वाले पाटोत्सव पर जय श्री काली कल्याण मंदिर परिवार के गादीपति डॉक्टर हेमंत जोशी के सानिध्य में पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम गुरुवार को उदयपुर के अयोध्या धाम श्री राम मंदिर आलोक स्कूल सेक्टर 11 में किया गया। बजरंग सेना मेवाड़ प्रमुख कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि शुक्रवार शाम को 6 बजे बावजी की महाआरती एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें ख्याति नाम भजन गायको द्वारा सूर लहरिया बिखेरी जाएगी। इस अवसर पर महंत इंद्रदेव दास, महंत नारायण दास वैष्णव, महंत श्याम बाबा, महंत राधिका शरण,मेवाड़ क्षत्रिय महासभा के रणविजय सिंह सिहाना, सत्यपाल सिंह डोडिया, राजपूत महासभा के हेमेंद्र सिंह, गिरिराज सिंह सांखला, बजरंग सेना मेवाड़ के करणवीर सिंह राठौड, सुनील कालरा, मुकेश सिंह रावत, शिव सिंह सोलंकी, जितेंद्र जैन, महेंद्र सिंह चौहान,कंचन राजपूत, रीना यदुवंशी, राजमल चौधरी, बसंती वैष्णव, मधुबाला सोनी, रानी भाटिया सभी प्रमुख उपस्थित थे।

### टिटोड़िया स्कूल में स्वेटर मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर जिले के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को ठिठुरन भरी सर्दी से बचाने राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर का स्वेटर वितरण सेवा अभियान लगातार जारी है। गोगुंदा पंचायत समिति क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय टिटोड़िया (विजयवाबड़ी) के में अधिकांश बच्चों के स्वेटर नहीं होने की जानकारी मिलने पर राजस्थान समाज सेवा संस्थान की टीम बुधवार को स्कूल पहुंची। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि पहाड़ी पर स्थित इस स्कूल के छोटे छोटे बच्चे सर्द हवा के चलते ठिठुरते नजर आए। जैसे ही बच्चों को स्वेटर मिले उनके चेहरे खिल उठे। स्वेटर वितरण में युगलकिशोर जोशी और सरोज शर्मा ने भी सेवाएं दी। प्रधानाध्यापक जगन्नाथ सिंह देवड़ा ने संस्थान के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को जरूरत अनुसार सामग्री वितरित करने पहली बार किसी संस्थान की टीम हमारे स्कूल पहुंची है।

### नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**उदयपुर (पुकार)।** विजन फाउण्डेशन ट्रस्ट (कोठारी आई हॉस्पीटल) द्वारा रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर एवं जिला स्वास्थ्य समिति 'अंधता' के सहयोग से 14 दिसम्बर को तेरापंथ सभा भवन, बिजोलिया हाउस, नाइयों की तलाई में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने बताया कि इस शिविर में 14 दिसम्बर को ऑपरेशन के लिये मरीजों का पंजीकरण किया जायेगा तथा ऑपरेशन योग्य मरीजों को ऑपरेशन की तारीख देकर डॉ. कोठारी आई हॉस्पीटलमें ऑपरेशन किये जायेंगे। जरूरतमंद मरीजों को इन्ट्रा ऑक्यूलर लैंस भी लगाये जायेगे तथा मरीजों के ठहरने, भोजन व दवाईयों आदि की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

### कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत 15 को उदयपुर में

**उदयपुर (पुकार)।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत उदयपुर संभाग के दो दिवसीय प्रवास पर 15 दिसम्बर को उदयपुर आएंगे। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि राज्यपाल गहलोत 15 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे सड़क मार्ग से सर्किट हाउस उदयपुर पहुंचेंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे एक शादी समारोह में भाग लेंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में रहेगा। अगले दिन 16 दिसम्बर को सुबह 8.30 बजे सड़क मार्ग से चित्तौडगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।





# विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ दौड़ा उदयपुर

## रन फॉर विकसित राजस्थान के साथ राज्य सरकार की वर्षगांठ के कार्यक्रमों का आगाज

**उदयपुर (पुकार)।** वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रस्तावित साप्ताहिक कार्यक्रमों का आगाज गुरूवार को ''रन फॉर विकसित राजस्थान मैराथन'' के साथ हुआ। विश्वप्रसिद्ध फतहसागर झील की पाल पर सैकड़ों की संख्या में उदयपुर वासी विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ मैराथन में शामिल हुए। जिला प्रशासन तथा क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में फतहसागर की पाल स्थित काला किवाड़ छोर से मैराथन का शुभारंभ हुआ। महाराणा प्रताप खेलगांव के स्केटिंग प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह भाटी के नेतृत्व राष्ट्रीय ध्वज के साथ सबसे छोटी आयु [5 वर्ष] के स्केटर विवान जिंगल द्वारा मैराथन के आगे की कमाल सम्भाली गई। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश ने मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में शामिल युवा भारत माता के जयघोष करते हुए आगे बढ़े।



मैराथन देवाली छोर पर स्थित टाया पैलेस के समीप पहुंच कर संपन्न हुई।

जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल, स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. देवीलाल गर्ग, सहायक निदेशक कालेज शिक्षा डॉ. सतीश आचार्य, एडीपीसी वीरेन्द्र यादव, प्राचार्य नर्सिंग डॉ. रणजीत बैरवा, जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण सालवी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं, एन.सी.सी, एन.एस.एस, स्काउट एवं गाईड के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**विजेताओं को किया पुरस्कृत**

टाया पैलेस के समीप समापन समारोह हुआ। इसमें एडीजे श्री कुलदीप शर्मा एवं नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश के आतिथ्य में एक जिला-एक खेल तीरंदाजी के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा मैराथन विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही तीरंदाजी के राष्ट्रीय खिलाडी दीना कलासुआ व चत्तरलाल वडेरा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी भागीदार संस्थाओं को भी प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए।

# निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली

**राज्य सरकार के कार्यकाल का ऐतिहासिक एक वर्ष**

**नियुक्ति पत्र हाथ में आते ही खिले चेहरे**

**मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में नवनियुक्त राजकीय कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र**

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों का आगाज गुरूवार से हुआ। सुबह फतहसागर की पाल पर रन फॉर विकसित राजस्थान मैराथन दौड़ हुई। वहीं सुखाड़िया रंगमंच सभागार नगर निगम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव हुआ। इसमें मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष - निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली थीम के साथ सरकार की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रमों के तहत सुबह 11 बजे नगर निगम परिसर स्थित सुखाड़िया रंगमंच पर युवा सम्मेलन एवं मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ। जोधपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल




शर्मा सहित राज्य कैबिनेट के विभिन्न मंत्री, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूदगी में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसके पश्चात जिला स्तरीय आयोजन में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने उपस्थित विभिन्न विभागों के राजकीय सेवा में नवचयनित लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने घोषणा पत्र में किए वादे के तहत विभिन्न विभागों में भर्तियां निकाली हैं। युवा हमारा हरावल दस्ता



है, युवाओं के ऊपर देश निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में युवा आगे बढ़ें, सरकार हर संभव सहायता करने को तैयार है। बेरोजगारी से लड़ने हेतु सरकार ने कमर कसी हुई है। आज हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम में समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, सीएमएचओ डॉ शंकर बामनिया सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के राजकीय सेवा में नव चयनित लाभार्थी मौजूद रहे।

## मावली पीएमश्री स्कूल में ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव आज

**रंगारंग कार्यक्रमों समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन**

**उदयपुर (पुकार)।** ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मावली जंक्शन में आयोजन होगा। गुरूवार को इस कार्यक्रम की तैयारियों को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार के निर्देशन में अंतिम रूप दिया गया। प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। इसके लिए प्रतिभागियों को सुबह 9 बजे आयोजन स्थल पर आधार कार्ड सहित पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। युवा महोत्सव में पंजीयन करने वाले 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतियोगी भाग लेंगे। युवा महोत्सव में एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, कविता, चित्रकला, कहानी लेखन, आशुभाषण, वस्त्र परिधान कला, हस्तकला, कृषि उत्पादन नवाचार, थेमेटिक दुर्लभ कला प्रदर्शन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। आज की बैठक में महोत्सव प्रभारी मोहनलाल स्वर्णकार, पर्यवेक्षक देवेंद्र कुमार, सह प्रभारी उमेश माहेश्वरी, प्रदीप सिंह नेगी, भानसिंह राव, मनोज समदानी, मीठालाल लोहार, छगनलाल मेघवाल, श्रीमती गरिमा पुरोहित,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी करणसिंह राव, लेखाकार आशीष कुमावत, रीतुराज सिंह, प्रहलाद बडगुर्जर, चंद्रशेखर चौधरी, सुधीर कुमार शर्मा, शैलेश कोठारी, शंकरलाल जाट, राजवीर सिंह, सुनील विजयवर्गीय, दिनेश बोरीवाल, के.के.शर्मा, योगेश जैन, रामरतन कोठारी, प्रेमशंकर सालवी, पुखराज प्रजापत, दिनेश आमेटा,पुष्करलाल बड़गुर्जर, हरीश दाधीच, नीलम राव, अतुल कुमार दवे, सोहनलाल जाट, नीलम पंवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रभारी सचिव आज उदयपुर में

**उदयपुर (पुकार)।** खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव तथा जिले के प्रभारी टी रविकान्त दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को उदयपुर आएंगे। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि प्रभारी सचिव शुक्रवार सुबह 8 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। इसके पश्चात सुबह 10 बजे जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। मध्याह्न पश्चात 3 बजे 14 दिसम्बर को प्रस्तावित महिला सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा एवं मौका निरीक्षण करेंगे। अगले दिन 14 दिसम्बर को मुख्यमंत्री महोदय के आतिथ्य में प्रस्तावित महिला सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे।

## नेशनल सिकल सेल उन्मूलन मिशन 2047 की मेडिकल आफिसर की ट्रेनिंग

**उदयपुर (पुकार)।** नेशनल सिकल सेल उन्मूलन मिशन 2047 के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिकल सेल डिजीज एवं नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा आयोजित मेडिकल ऑफिसर्स के पहले बैंच की ट्रेनिंग का आयोजन बाल चिकित्सालय महाराणा भूपाल भूपाल राजकीय चिकित्सालय में किया गया।



इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ विपीन माथुर प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक और डॉ आर एल सुमन अधीक्षक महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय ने किया। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फ़ॉर सिकल सेल डिजीज के नोडल ऑफिसर एवं विभागाध्यक्ष बाल चिकित्सा डॉ लाखन पोसवाल ने बताया कि मार्च तक नौ जनजातीय जिलों के आठ बैच का दो दिवसीय प्रशिक्षण सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा करवाया जाएगा।

प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्तर से प्रशिक्षित प्रशिक्षक डॉ लाखन पोसवाल, डॉ अंकित जैन, और ललित किशोर पारगी द्वारा दिया जाएगा। पहले दिन सिकल सेल रोग लक्षण, प्रबंधन के विषय पर डॉ लाखन पोसवाल, राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन 2047 पर डॉ ऋत्विका ज्यानी, सिकल सेल निदान पर डॉ जमील मोहम्मद एवं सिकल सेल जर्नी व सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फ़ॉर सिकल सेल में उपलब्ध सुविधाओं पर ललित किशोर पारगी ने व्याख्यान दिया।

# मोटर वाहन चालक निशुल्क आवसीय प्रशिक्षण

**उदयपुर (पुकार)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग राजस्थान सरकार द्वारा उपखण्ड मुखयलाय रेलमगरा में आईडीटी आर - अशोक लेलैंड वाहन चालक प्रशिक्षण संस्थान में 30 दिवसीय भारी मोटर वाहन चालक निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति गितेश श्री मालवीय अतिरिक्त आयुक्त(प्रथम) एवं श्री कृष्ण मोहन जांगिड संयुक्त निदेशक (तकनीकी शिक्षा) रहे।



संस्थान निदेशक ने मुख्य अतिथियों का स्वागत कर संस्थान में चल रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला साथ ही बताया जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स द्वारा वित्तपोषित युवाओं को 30 दिन प्रशिक्षण दिया जायेगा, प्रशिक्षण के दौरान युवाओं के आवास एवं भोजन व्यवस्था संस्थान में ही उपलब्ध की गयी है। कार्यक्रम में वाहन चलाने के साथ-साथ सड़क के नियम व अधिनियम एवं सिम्युलेटर की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम के पूर्ण होने पर संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे जिससे उनको रोजगार में भी सहायता होगी। बताया गया कि परिवहन के क्षेत्र में जिस तरह नई और उत्तम तकनीक के वाहनों में बढ़ोतरी हुई है उसी तरह उनको चलने के लिए उत्तम ड्राइवरों की आवश्यकता है, इसी को ध्यान रखते हुए संस्थान एवं विभाग द्वारा यह पहल की गयी है। मालवीय ने बताया कि आज के युग में कौशल होना अत्यंत महत्वपूर्ण है, विभाग द्वारा के गयी इस पहल से सम्पूर्ण जनजाति क्षेत्र के युवाओं को साथ जोड़ने का निर्णय किया गया है जिससे उनका भविष्य सुदृर्ड हो सके। बताया गया प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को विभ्भिन विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमे वाहन का रख रखाव, वाहन चलाना, वाहन थ्योरी आदि विषय सम्मिलत हैं।

जांगिड़ ने बताया करीब 4 माह से चल रहे इस अभियान की शुरुआत सितम्बर माह में ऑनलाइन आवेदन से शुरू हुई जिसमें 65 युवाओं ने आवेदन किया और उसमे से 25 अभियर्थियों का चयन हुआ सभी प्रतिभागी जनजाति क्षेत्र के हैं और प्रशिक्षण के उपरांत संस्थान द्वारा प्रतिभागियों को रोजगार संबंधित जानकारी एवम सहायता प्रदान की जाएगी। सभी को यूनिफार्म, कैप, राइटिंग पैड भी वितरित किये गए साथ ही सभी को निर्देश भी दिए गए प्रशिक्षण के दौरान यूनिफार्म एवं पहचान पत्र पहनना आवश्यक है। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया।

# नाट्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाला दमखम

**उदयपुर (पुकार)।** फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट द्वारा अन्तर महाविद्यालय नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उदयपुर संभाग के कुल 10 कॉलेजों की टीमों ने विभिन्न विषयों पर नाटक का मंचन किया गया। सांस्कृति क्लब की अध्यक्षता में अभिनय कला की अभिव्यक्ति को साकार करने हेतु ड्रामा प्रतियोगिता ''स्टोरिज ऑन स्टेज'' का आयोजन किया। सभी टीमों ने अलग-अलग विषय पर आधारित लघु नाटिका तैयार की। छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया जहाँ विभिन्न छात्रों ने शैक्षणिक ज्ञान एवं प्रबंधन के गुर जैसे टीम बिल्डिंग, कॉओरडिनेशन आदि प्रेक्टिकल अपरोच द्वारा सीखें। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम का संचालन



प्रोफेसर दिपिन माथुर, डीन फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट की अध्यक्षता में किया गया। पेसिफिक युनिवर्सिटी के प्रेसीडेन्ट प्रोफेसर हेमन्त कोठारी ने विद्यार्थियों को आर्शीवचन से लाभान्वित किया। प्रोफेसर दिपिन माथुर ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने के लिए नाट्य मंच सबसे अच्छा माध्यम है, जिसमें छात्र अपने कम्युनिकेशन स्किल अभिव्यक्ति प्रस्तुतीकरण एवं अवसरों को बेहतर रूप से विकसित करता है।

कार्यक्रम में विभिन्न विषयों जैसे युवा में बढ़ती हुई सामाजिक कुरितियाँ, देश भक्ति, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, सोशल इनकाउण्टर का मंचन किया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के निर्णायक वीबीआरआई से डा. नीलु तिवारी, नाट्यांश के फाउन्डर एण्ड सैकेट्री अमित श्रीमाली एवं टीम कॉर्डिनेटर नाटयांश मोहम्मद रिजवान ने किया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें जिन्दगी में नाट्य की महत्ता को बतलाया।

सांस्कृतिक क्लब की संयोजिका डा. पल्लवी मेहता ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विजेता के नाम घोषित किए। नाट्य प्रतियोगिता में मीरा गर्ल्स कॉलेज की टीम विजेता रहीं।

फर्स्ट रनरअप पेसिफिक इंस्टीट्युट ऑफ मैनेजमेन्ट एवं टीम यूसीसीएमएस द्वितीय रनरअप रही। नाट्य प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ अभिनय तालिब अमर एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनायिका अंजली गांच्छा रहे। अंत में डा. मेहता ने सभी प्रतिस्पर्धियों को धन्यवाद एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी।

## उदयपुर मार्बल एसोसिएशन में नये संरक्षक नियुक्त



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन की छठीं कार्यकारिणी बैठक उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजि की गई।

एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी द्वारा महिपाल सिंह रूपपुरा, नितुल चंडालिया, विरमदेव सिंह कृष्णावत को एसोसिएशन के संरक्षक के रूप में नियुक्ति पर सहमति दी। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर नवनियुक्त संरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए बुके देकर स्वागत किया और कहा कि उनके अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन से संस्था नई ऊंचाइयों पर पहुचेगी व मार्बल उद्योग के विकास हेतु सामूहिक प्रयास से एसोसिएशन को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.